



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




## मोटा कहने पर ऐसा मनमुटाव, मृतक द्वारा साथी को मारने घर से चाकू लाने की बात सामने आई

# सोशल मीडिया बना रहा हिंसक, छोटी सी बात में दो स्कूली छात्रों के बीच खूनी संघर्ष, एक की मौत

*हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर*

*तिल्दा थाना क्षेत्र में दो स्कूली छात्रों के बीच आपसी रंजिश खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया। एक छात्र ने दूसरे छात्र की चाकू मारकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है, मृतक अपने साथी को मारने के लिए चाकू लाया था, उसने पहले अपने साथी के गले में चाकू से वार किया। चाकू गिरने के बाद घायल छात्र ने अपने साथी के सीने में चाकू से वार कर मौत के घाट उतार दिया। घटना शुक्रवार सुबह साढ़े 10 बजे तिल्दा स्थित सासाहोली गांव की है। घायल छात्र का उपचार जारी है। विवाद का कारण मृतक छात्र द्वारा अपने साथी को मोटा कहकर चिढ़ाना बताया जा रहा है।*

*पुलिस के अनुसार प्राइवेट स्कूल में अध्ययनरत अमन यदु (16) और एक अन्य 15 वर्षीय छात्र ने हाल ही में 10वीं बोर्ड की परीक्षा पास कर उसी स्कूल में एडमिशन लिया था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि कुछ समय पहले परीक्षा के दौरान दोनों के बीच विवाद हुआ था। बताया जा रहा है कि घायल छात्र ने अमन को मोटा बोलकर चिढ़ाया था, जिसके बाद दोनों के बीच कहासुनी के बाद मनमुटाव बना हुआ था।*

▶▶| शेष पेज 8 पर

### साथी को मारने मृतक घर से चाकू लेकर गया था

घटना दिनांक को स्कूल की छुट्टी के बाद दोनों छात्र गांव के मंदिर के पास पहुंचे। इसी दौरान पुरानी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। पुलिस जांच में सामने आया है कि अमन ने घर से सब्जी काटने वाला चाकू लाकर दूसरे छात्र के गले पर वार किया। बचाव के दौरान घायल छात्र ने चाकू छीन लिया और पलटवार कर दिया। देखते ही देखते विवाद हिंसक झड़प में बदल गयी और दोनों छात्र ▶▶| शेष पेज 8 पर



### दोनों छात्र आपस में पड़ोसी

पुलिस के अनुसार दोनों किशोर का कोई आपराधिक रिकार्ड नहीं है। घायल छात्र के पिता पेशे से शिक्षक हैं। दोनों परिवार एक-दूसरे को अच्छी तरह जानते हैं और दोनों के घर एक ही वार्ड में करीब 400 मीटर की दूरी पर स्थित हैं। छात्र पूर्व में साथ में स्कूल जाते थे। परीक्षा के समय विवाद के बाद दोनों छात्रों के बीच आपस में बातचीत बंद हुई थी।

### एक्सपर्ट व्यू

यह आक्रमकता का प्रकरण है, जिस बच्चे को चिढ़ाया गया, उसे लगा कि उसके आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाया है। खासकर टिन एज के बच्चे जो आपस में दोस्त होते हैं उनके बीच मजाक भारी पड़ जाता है। चिढ़ाए जाने पर उन्हें लगता है, स्कूल के सभी बच्चों के सामने उनकी बेइज्जती हो गई। बच्चों के आक्रामक होने का एक प्रमुख कारण प्रचलित सोशल मीडिया में रिल्स के साथ ओटीटी में प्रसारित वेब सीरीज है, जिसमें ज्यादातर हिंसक मूवी दिखाए जाते हैं। इसके अलावा बच्चों का पूरे समय मोबाइल से जुड़े रहना है। मोबाइल के कारण बच्चों का ▶▶| शेष पेज 8 पर






## प्रतिबंध के बाद भी बिक रहा था नीट री एग्जाम का फर्जी प्रश्नपत्र

# टेलीग्राम पर बैन, फिर भी 'पेपर' बाहर! एग्जाम के पहले एक और खुलासा

टेलीग्राम पर रोक के बाद भी नीट का फर्जी प्रश्नपत्र बेचने की कोशिश हुई है। मामला राजस्थान के भीलवाड़ा का है, आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी छात्र टेलीग्राम का इस्तेमाल अमेरिका के वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (वीपीएन) के जरिए कर रहा था। एक्जाम के दो दिन पहले हुई इस घटना ने परीक्षा सुरक्षा को लेकर चल रही चिंताओं को फिर बढ़ा दिया है। गौरतलब है, पेपरलीक के बाद रद्द हुई नीट यूजी परीक्षा 21 जून को दोबारा आयोजित की जा रही है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

नीट री-एग्जाम से पहले पेपर लीक और फर्जी प्रश्नपत्र बेचने की कोशिशों पर सुरक्षा एजेंसियां लगातार नजर बनाए हुए हैं। इसी बीच राजस्थान के भीलवाड़ा से एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने परीक्षा सुरक्षा को लेकर चल रही चिंताओं को फिर बढ़ा दिया है। टेलीग्राम पर प्रतिबंध के बावजूद एक छात्र कथित तौर परनीट का फर्जी पेपर बेचने की कोशिश कर रहा था। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। बताया जा ▶▶| शेष पेज8 पर

### नीट स्टूडेंट ने किया सुसाइड

*इंदौर में नीट की तैयारी कर रही छात्रा गुरुवार देर रात तीसरी मंजिल से कूदकर सुसाइड कर लिया। उसे गंभीर हालत में पहले निजी अस्पताल और फिर एमवाय हॉस्पिटल पहुंचाया गया। शुक्रवार सुबह उसकी मौत हो गई। छात्रा के गिरने का वीडियो भी सामने आया है। छात्रा के पिता डॉ. बंशीलाल मौर्य*

▶▶| शेष पेज 8 पर

*पेपर लीक के बाद 21 जून को दोबारा आयोजित की जा रही है नीट यूजी परीक्षा*



### नीट री एग्जाम का ड्रेस कोड आया

*री-एग्जामिनेशन के लिए एनटीए ने ड्रेस कोड और जरूरी नियमों की एक लिस्ट शेयर की है। परीक्षा हॉल के अंदर मोबाइल फोन, स्मार्टवॉच, ब्लूटूथ डिवाइस, ईयरफोन या कोई भी अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान ले जाना सख्त मना है। इसके अलावा धातु की चीजें, बड़े बकल वाले बेल्ट, भारी ज्वेलरी और एक्सेसरीज* ▶▶| शेष पेज 8 पर

### 22 जून तक टेलीग्राम पर जारी रहेगा बैन

भारत में 22 जून तक टेलीग्राम पर बैन जारी रहेगा। दिल्ली हाई कोर्ट ने टेलीग्राम पर बैन लगाने के केंद्र सरकार के आदेश को सही ठहराया है। इसके साथ ही अदालत ने बैन के खिलाफ टेलीग्राम की याचिका खारिज कर दी. हाई कोर्ट ने कहा कि केंद्र सरकार ने बिना सोच-विचार किए यह आदेश जारी नहीं किया था। दिल्ली हाई कोर्ट ने इस मामले पर आज अपना फैसला ▶▶| शेष पेज 8 पर

## सरकार के मंत्री भी लेंगे ट्रेनिंग छत्तीसगढ़ में चिंतन शिविर 3.0 के जरिए प्रशासनिक दक्षता बढ़ाएंगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सरकारी योजनाओं की समीक्षा और प्रशासनिक बैठकों से आगे बढ़ते हुए छत्तीसगढ़ सरकार अब अपनी कार्यप्रणाली को नए दौर की जरूरतों के अनुरूप ढालने की तैयारी में है। इसी कड़ी में जुलाई में नवा रायपुर स्थित भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) में दो दिवसीय 'चिंतन शिविर 3.0' आयोजित किया जाएगा, जिसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ राज्य मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य हिस्सा लेंगे। ▶▶| शेष पेज 8 पर

### विभागों के बीच बेहतर तालमेल पर जोर

राज्य सरकार लंबे समय से विभागों के बीच समन्वय को बेहतर बनाने पर जोर देती रही है। चिंतन शिविर में भी यह एक प्रमुख विषय रहेगा। विभिन्न विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली बाधाओं, आपसी समन्वय की ▶▶| शेष पेज 8 पर

### खबर संक्षेप

#### आदि कैलाश तीर्थयात्रियों को यात्रा न करने की सलाह

**पिथौरागढ़।** आदि कैलाश यात्रा इस साल एक मई को शुरू हुई थी। मानसून के मद्देनजर पिथौरागढ़ जिला प्रशासन ने आदि कैलाश तीर्थयात्रियों के लिए एक परामर्श जारी किया है, जिसमें उन्हें शाम चार बजे के बाद धारचूला से ऊपर आदि कैलाश की तरफ, जबकि गुंजी से नीचे धारचूला की ओर यात्रा न करने की सलाह दी गई है।

# चंपत राय और ट्रस्टी मिश्रा से अलग-अलग पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के मामले में स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) लगातार 5वें दिन अयोध्या पहुंची। टीम ने राम मंदिर टेस्ट के महासचिव चंपत राय, ट्रस्टी डॉक्टर अनिल मिश्रा और निर्माण प्रभारी गोपाल राव से अलग-अलग बातचीत की है। ▶▶| शेष पेज 8 पर

### राम मंदिर चढ़ावा चोरी : एसआईटी ने की जांच तेज



### योगी ने कहा- कोई नहीं बचेगा

इधर, शुक्रवार दोपहर सीएम योगी ने रामलला के दर्शन किए। लेकिन मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय उनके कार्यक्रम से दूर रहे। अयोध्या के राम मंदिर दान विवाद पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहली बार अपनी चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि जिसके पास भी किसी तरह के सबूत हैं, वह उन्हें विशेष जांच दल (एसआईटी) को सौंपे। योगी ने भरोसा जताया कि जांच पूरी होने के बाद 'दूध का दूध और पानी का पानी' हो जाएगा।







### मणिपुर में सुरक्षाबलों ने ध्वस्त किए 30 अवैध बंकर

**इंफाल।** मणिपुर के कांगपोकपी जिले में सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान उग्रवादियों के बनाए 30 बंकरों और चौकियों को ध्वस्त किया। अधिकारियों के मुताबिक लेइलोन वैफेई, लेइलोन खुन्नौ, एल. मुनलुई और कोंसाखुल गांवों में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। पिछले कुछ महीनों में यहां हिंसा और गोलीबारी की घटनाएं हुई हैं।

### स्लीवलेस ड्रेस पहनी, ईरानी सिंगर को 74 कोड़ों की सजा

**तेहरान।** ईरान की मशहूर सिंगर परस्तू अहमदी और उनके साथ काम करने वाले 8 लोगों को



ऑनलाइन कॉन्सर्ट के लिए 74-74 कोड़े मारने की सजा सुनाई गई है। उन पर 2 साल तक देश छोड़ने और 2 साल तक किसी भी आर्टिस्टिक एक्टिविटीज पर रोक लगाई गई है। यह सजा ईरान के कोम प्रांत की अदालत ने यूट्यूब पर लाइव किए गए एक कॉन्सर्ट के मामले में सुनाई है।

### जम्मू-कश्मीर के शोपियां में 3 संदिग्ध गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में पुलिस ने 3 संदिग्ध ओवर ग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्लू)) को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 2 ग्रेनेड, करीब 2.5 किलो विस्फोटक सामग्री, 4 मोबाइल फोन और हिजबुल मुजाहिदीन के 4 पोस्टर बरामद किए गए हैं। पुलिस के मुताबिक, विशेष सूचना के आधार पर पुडसू इलाके में अभियान चलाया गया, जिसमें तीनों को पकड़ा गया।




KALINGA UNIVERSITY
RAIPUR | INDIA

nirf · NAAC ACCREDITED · 400+ Recruitment Partners · 600+ International Students · 130+ Programs

Faculty of Commerce & Management

# BUILD THE CAREER THE BUSINESS WORLD IS LOOKING FOR




## PROGRAMS OFFERED

- **B.Com.**
- **B.Com. Hons.** (Banking & Finance) {Includes GST & Taxation}
- **M.Com.**
- **M.Com.** (Banking & Finance)
- **BBA** (With single specialisation)
  (Select any one)
  - Airlines & Airport Operations Management • Aviation
  - Digital Marketing & E-Commerce • Event Management & PR
  - Family Business & Startups • Finance • FinTech • Hospital Administration
  - Human Resource Management • Marketing Management
- **BBA in Filmmaking**
  in collaboration with NIRA EDUCOM
- **MBA** (With dual specialisation)
  (Select any two)
  - **Artificial Intelligence** • Banking & Insurance • Business Analytics
  - Digital Marketing & E-Commerce • Finance • Healthcare & Hospital Management • Hotel & Hospitality Management
  - Human Resource Management • Information Technology
  - International Business • Logistics & Supply Chain Management
  - Marketing Management • NGO Management • Sustainability & ESG

**Our Top Recruiting Partners**

Karur Vysya Bank · LION MORTGAGE · Mahindra FINANCE · KARVY STOCK BROKING · Centilytics · Nestlé · Flipkart · genpact

## Why Choose Commerce & Management at Kalinga University?

- Industry-Oriented Curriculum
- Corporate Training & Skill Development
- Internship Opportunities with Leading Organisations
- Startup & Entrepreneurship Support
- Live Projects & Case Study
- Personality Development & Employability Training
- Modern Learning Infrastructure
- Placement Assistance & Career Guidance

**Limited Seats Left for Phase 4!**
Complete your admission process! Before Phase 4 Closes on
**30th June 2026**

REGISTER TODAY!

## Master of Business Administration (MBA) Accredited by NBA
(01 January 2026 to 31 December 2028)

NATIONAL BOARD OF ACCREDITATION · ACCREDITED BY

## Top 10 Career Pathways.

- Accounting & Taxation
- Business Analytics
- Banking & Financial Services
- Corporate Finance
- Consulting & Corporate Leadership
- Digital Business & E-Commerce
- Entrepreneurship & Startups
- Human Resource Management
- Investment & Wealth Management
- Marketing & Brand Management

**+91-9907252100**

Campus: Kalinga University, Kotni, Near Mantralaya, Naya Raipur - 492101, Chhattisgarh
City Office: 2nd Floor, Aditya Heights, Opp. Telibandha Talab, Raipur - 492001, Chhattisgarh
Bhilai Office: 111, Khichariya Complex, Opp. Domino's Pizza, Near Hotel Grand Dhillon, Bhilai

SCAN THE **QR CODE**
To Register for our **Entrance Examinations**
**KALSEE/KAL-MAT**

बिलासपुर
शनिवार 20 जून 2026
ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष षष्ठी
वर्ष : 26, अंक : 90
पृष्ठ : 12+6 = 18 मूल्य : 4.00***

मौसम
अधि. 37.0
न्यूनं. 26.6

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



9 मैक्सिको नॉकआउट में जाने वाली पहली टीम

विचार पेज
2 योग ध्यान से आध्यात्मिक...

# 'पैदल चलना मौलिक अधिकार' फुटपाथ पर राहगीरों का हक सबसे पहले



अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि फुटपाथ पर चलने का अधिकार एक मौलिक अधिकार है। साथ ही कोर्ट ने केंद्र सरकार से इसे लेकर एक कानून बनाने को कहा। साथ वे पैदल चलने वालों के लिए जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने, उसकी सीमा तय करने और उसके रखरखाव के लिए नगर निकायों और स्थानीय संस्थाओं की जिम्मेदारी को मान्यता दें। जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और अतुल एस. चंदुरकर की बेंच ने कहा, 'पैदल चलने का अधिकार संविधान के ▶▶|शेष पेज 8 पर

### अच्छी तरह से बनाए गए हों फुटपाथ

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि फुटपाथ पर चलने का मौलिक अधिकार सह-संबंधी कर्तव्य है। बेंच ने कहा, 'अगर सड़कें बनाई गईं हैं, तो यह पक्का करना जिम्मेदारी है कि पैदल चलने वालों के लिए तय किए गए और अच्छी तरह से बनाए रखे गए फुटपाथ हों। शहरी विकास प्राधिकरण, नगर निगम, नगरपालिकाएं और यहां तक कि पंचायतें भी इसके लिए जिम्मेदार हैं।

सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी केंद्र से कानून बनाने कहा

शहरी विकास प्राधिकरण, नगर निगम की बताई जिम्मेदारी



### पांच वर्षीय बच्चे की मौत से जुड़ा है मामला

यह फैसला पांच साल के एक बच्चे की मौत से जुड़े मोटर दुर्घटना क्लेम मामले में आया है। एक आदमी और उसका बेटा स्कूल की ओर जा रहे थे, तभी पीछे से आए एक टैंकर ने बच्चे को टक्कर मार दी, जिससे उसकी कमर और शरीर का निचला हिस्सा कुचल गया।

### नागरिकों को मुआवजा पाने का हक

कोर्ट ने कहा, 'तय किए गए फुटपाथ पर चलने के अधिकारी का उल्लंघन होने पर नागरिकों को यह अधिकार होगा कि वे जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ संवैधानिक और कानूनी उपाय अपनाकर नुकसान की भरपाई और मुआवजा मांग सकें। यह उपाय मोटर व्हीकल एक्ट 1988 के तहत मिलने वाले उपायों से अलग है।'

### पैदल चलने के अधिकार को सुरक्षित नहीं कर पाए

कोर्ट ने कहा, यह अजीब बात है कि पैदल चलने के अधिकार को मान्यता देने और उसे सुरक्षित करने पर ध्यान नहीं दे पाए। हो सकता है कि वाहनों ने हमारी सोच पर कब्जा कर लिया हो और हमारा नगर प्रशासन ऐसी सड़कें बनाने में व्यस्त रहा हो जो गाड़ियों के लिए सही हो। कोर्ट ने यह भी कहा, 'शुरू में यह शायद बड़े लोगों की सोच का नतीजा हो, क्योंकि गाड़ियां सिर्फ उनके पास ही होती थीं। लेकिन धीरे-धीरे जैसे अर्थव्यवस्था आगे बढ़ी और सस्ती गाड़ियां आईं और सड़कों पर गाड़ियों का दबदबा हो गया। पैदल चलने वालों को किनारे कर दिया गया और उन्हें ड्राइवरों के लिए एक परेशानी या बाधा माना जाने लगा।

---

रिलायंस जियो लाने जा रहा है 'प्राइवेट सैटेलाइट नेटवर्क

# आसमान में बिछेगा उपग्रहों का जाल, बिना फाइबर केबल के मिलेगा हाई-स्पीड इंटरनेट


भारतीय टेलीकॉम सेक्टर में क्रांति लाने के बाद अब रिलायंस जियो अंतरिक्ष के रास्ते इंटरनेट क्रांति की तैयारी में है। जियो की अब स्टारलिंक को टक्कर देने के लिए अपने उपग्रह बनाने की योजना है। यानी कि उपभोक्ताओं को बिना फाइबर केबल के हाई-स्पीड इंटरनेट मिलेगा। कंपनी की सालाना बैठक में जियो का आईपीओ लाने की भी जानकारी दी गई है, जिसमें कंपनी लगभग 37,700 करोड़ जुटाने की योजना बना रही है। कंपनी 27 करोड़ शेयर जारी करेगी, जिसका उपयोग कर्ज चुकाने और कॉर्पोरेट जरूरतों के लिए होगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंबई

भारतीय टेलीकॉम सेक्टर में क्रांति लाने के बाद अब रिलायंस जियो अंतरिक्ष के रास्ते इंटरनेट क्रांति की तैयारी में है। रिलायंस जियो के चेयरमैन आकाश अंबानी ने एनुअल जनरल मीटिंग (एजीएम) में ऐलान किया कि कंपनी भारत के लिए एक खास 'सॉवरेन सैटेलाइट कांस्टेलेशन' डेवलप करने की संभावनाओं तो तलाश कर रही है। रिलायंस का यह कदम देश के स्पेस बेस्ड कम्युनिकेशन इंफ्रा को मजबूत करने की दिशा में एक गेम-चेंजर साबित होने वाला है। यह ऐलान ऐसे समय में आया है जब दुनिया भर में एलन मस्क की स्टारलिंक और अमेजन के प्रोजेक्ट कुइपर जैसी कंपनियों के चलते सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सेवाओं की मांग तेजी से बढ़ रही है। स्पेस सेक्टर में कंपनी के विजन को साझा करते हुए आकाश ने कहा कि हम भारत के लिए एक सॉवरेन एलईओ सैटेलाइट कांस्टेलेशन के विकास का मूल्यांकन कर रहे हैं। उन्होंने साफ किया कि यह पहल अंतरिक्ष प्रौद्योगिकियों में भारत की 'आत्मनिर्भरता' को बढ़ाने की एक बड़ी कोशिश का हिस्सा है।

» कंपनी की सालाना बैठक में हुआ ऐलान

» देश का सबसे बड़ा आईपीओ लाएगी जियो! जारी होंगे 27 करोड़ शेयर




### ये नए प्रोजेक्ट भी

इसके अलावा रिलायंस फाउंडेशन मुंबई में एक बड़ी अर्बन ग्रीन सेंक्चुरी का प्रोजेक्ट 'कोस्टल गार्डन' के नाम से लाएगा। मुंबई में ही करीब 410 एकड़ में वर्ल्ड क्लास यूनिवर्सिटी बनाने के प्रोजेक्ट को भी महाराष्ट्र सरकार की मंजूरी मिल गई है। वहीं, वनतारा यूनिवर्सिटी की शुरुआत भी की जा रही है, जहां वन्यजीव संरक्षण और जानवरों की चिकित्सा के लिए विशेषज्ञ स्तर की शिक्षा मिलेगी।

### क्यों अहम है यह कदम?

सरकार के स्पेस रिफॉर्म्स ने इस सेक्टर को प्राइवेट कंपनियों के लिए खोल दिया है। ऐसे में जियो का खुद का सॉवरेन सैटेलाइट नेटवर्क होना भारत के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है। इससे भारत को विदेशी संचार बुनियादी ढांचे पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। डिजास्टर मैनेजमेंट, डिफेंस और इमरजेंसी रेस्पोंस के समय यह पूरी तरह सेफ और स्वदेशी नेटवर्क देश के काम आएगा।

### जारी किए जाएंगे 27 करोड़ नए शेयर

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने बताया, जियो के इस आईपीओ के जरिए कंपनी करीब लगभग 37,700 करोड़ यानी चार अरब डॉलर जुटाने की तैयारी में है। यह रकम जुटने पर यह भारत का अब तक का सबसे बड़ा आईपीओ बन सकता है। अभी तक नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के आने वाले आईपीओ को सबसे बड़ा माना जा रहा था। एनएसई ने 30,000 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए सेबी के पास मसौदा दस्तावेज दाखिल किया है। अंबानी बताया कि 19 जून को ही सेबी के पास जियो आईपीओ के दस्तावेज जमा कर दिए गए हैं। जियो के 27 करोड़ नए शेयर जारी किए जाएंगे। हालांकि शेयरों की कीमत क्या रहेगी, इसकी जानकारी फिलहाल नहीं दी गई है।

---

देशभर में 4 से 18 जून तक 41 प्रतिशत दर्ज की गई बारिश की कमी

# बंगाल की खाड़ी में रुकीं नमी वाली हवाएं 5 सिस्टम ने लगाया मानसून पर ब्रेक

**नई दिल्ली।** देश में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून 4 जून को केरल पहुंच गया था लेकिन उसके बाद इसकी रफ्तार अचानक धीमी पड़ गई है। जून के मध्य तक कई इलाकों में बारिश की उम्मीद थी, लेकिन स्थिति उलट है। मॉनसून महाराष्ट्र के दक्षिणी हिस्से में रुक गया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के आंकड़ों के मुताबिक, देशभर में 4 जून से 18 जून तक 41 प्रतिशत बारिश की कमी दर्ज की गई है। आईएमडी के लेटेस्ट अपडेट के मुताबिक, इस अवधि में देश में सिर्फ 42.6 मिलीमीटर बारिश हुई है, जबकि सामान्य बारिश 72.2 मिलीमीटर होनी चाहिए थी। मौसम विभाग की क्षेत्रीय जानकारी के मुताबिक, मध्य भारत में बारिश की 67 प्रतिशत कमी है। जबकि पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत में 42 प्रतिशत, दक्षिणी प्रायद्वीप में 22 प्रतिशत और उत्तर-पश्चिम भारत में 6 प्रतिशत बारिश की कमी है। मौसम विभाग ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से मॉनसून महाराष्ट्र के बाकी हिस्सों में आगे नहीं बढ़ पाया है। कोंकण और मध्य महाराष्ट्र जैसे इलाकों में मॉनसून कई दिनों से अटका हुआ है।

छत्तीसगढ़ सहित कुछ राज्यों में दो दिन गरज चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना




### जेट स्ट्रीम कमजोर होने पर आगे बढ़ेगा मानसून

मौसम विभाग के मुताबिक, जेट स्ट्रीम का मौजूदा पैटर्न कमजोर होने पर मानसूनी हवाएं तेज होंगी। अगले 4-5 दिनों में मानसून के महाराष्ट्र, कर्नाटक, छत्तीसगढ़ और अन्य हिस्सों में आगे बढ़ने की परिस्थितियां बन सकती हैं। जेट स्ट्रीम वायुमंडल की ऊपरी परतों में बहने वाली बहुत तेज हवाएं हैं। ये आमतौर पर पृथ्वी की सतह से करीब 8 से 15 किलोमीटर की ऊंचाई होती है। ये मानसूनी बादलों और वेस्टर्न डिस्टर्बेंस यानी पश्चिमी विक्षोभ को प्रभावित करती हैं। फिलहाल, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़, हरियाणा और दिल्ली में प्री-मानसून बारिश हो रही है। इसके बावजूद यूपी-राजस्थान समेत 7 राज्यों में तापमान 40C के पार है।

### इन पांच वजहों से रुका है मॉनसून

मौसम के जानकारों का कहना है कि प्रशांत विक्षोभ, पश्चिम विक्षोभ, कमजोर कम दबाव का क्षेत्र, मैडेन जूलियन दोलन में कमी और अल नीनो की वजह से मॉनसून पर ब्रेक लगा हुआ है। प्रशांत विक्षोभ का मतलब प्रशांत महासागर के ऊपर बनने वाले तूफान और चक्रवातीय दबाव से है। समुद्री तापमान में बदलाव की वजह से ही प्रशांत विक्षोभ बनता हैऔर यह मौसम चक्र को बुरी तरह प्रभावित कर देता है। वहीं पश्चिमी विक्षोभ भूमध्य सागर से पैदा होता है और उत्तर भारत में अचानक बारिश या बर्फबारी करवाता है। मैडेन जूलियन की बात करें तो यह हिंद महासागर में प्रभावशाली साबित होने वाली एक वायुमंडलीय प्रणाली है जो कि एक या दो महीने में रिपीट होती रहती है। बार-बार होने की वजह से ही इसे दोलन कहा जाता है। यह जब 30 दिन हिंद महासागर से गुजरता है तो मॉनसून को मजबूत करता है और अच्छी वर्षा होती है। वहीं जब अंतराल 60 दिन का हो जाता है तो बारिश कम होती है।




## कोलकाता एयरपोर्ट पर खड़े इंडिगो विमान पर गिरी बिजली

**कोलकाता।** कोलकाता एयरपोर्ट पर खड़े हुए इंडिगो के एक विमान पर शुक्रवार को बिजली गिर गई, हालांकि विमान में सवार सभी 140 से अधिक लोग सुरक्षित हैं। सूत्रों ने बताया कि विमान कोलकाता से अगरतला जाने वाला था। उन्होंने कहा कि घटना के बाद विमान को उड़ान भरने से रोक दिया गया। इस घटना में कोई भी यात्री घायल नहीं हुआ। हालांकि इस घटना में एयरपोर्ट पर तैनात दो ग्राउंड स्टाफ को हल्की चोटें आईं। डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को स्वस्थ बताया है और उनकी हालत सामान्य है। बताया जाता है कि इंडिगो का विमान 6E6068 (वीटी-आईपीडब्लू) एयरोब्रिज 56L पर खड़ा था तभी सुबह करीब 9.30 बजे उस पर बिजली गिर गई। यह जानकारी भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के एक अधिकारी ने दी। यह घटना क्षेत्र में आंधी-तूफान और बारिश के बीच हुई। अधिकारी ने बताया कि इस घटना में कोई यात्री घायल नहीं हुआ है। एहतियात के तौर पर विमान में सवार सभी 141 यात्री और 6 क्रू सदस्यों को उतार लिया गया।

■ बाल-बाल बचे 140 यात्री




लेबनान पर ताजा हमले के बाद, अमेरिका-कतर ने कराया समझौता

# अमेरिका-ईरान के बाद इजराइल हिजबुल्लाह में भी अब सीजफायर



**वाशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के पीस डील के बाद इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच युद्धविराम पर सहमति बन गई है। रॉयटर्स के मुताबिक, दोनों पक्षों के बीच सीजफायर शुक्रवार को भारतीय समयानुसार शाम 6:30 बजे से लागू हो गया है। अमेरिका और कतर के वार्ताकारों ने ईरान की मदद से यह समझौता कराया। गुरुवार को हुई गोलीबारी के बाद दोनों पक्ष लड़ाई रोकने पर राजी हुए। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को लेकर सख्त बयान दिया। उन्होंने कहा, 'हम नहीं, ईरान मजबूरी में बातचीत की टेबल पर आया। वह खत्म हो चुका है। हम 60 दिन की प्रक्रिया पूरी करेंगे और उसे एक डॉलर भी नहीं मिलेगा।'

### लेबनान पर इजराइली हमले में मारे गए 18 लोग

*इसके पहले, अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध खत्म करने के लिए बुधवार को हुए समझौते की परवाह न करते हुए इजरायल ने शुक्रवार को लेबनान पर अटैक कर दिया जिसमें 18 लोग मारे गए। दक्षिणी लेबनान में 11 कस्बों में हवाई हमला किया गया था। इस घटना के चलते अमेरिका-ईरान डील पर संकट के बाद छाने लगे थे, क्योंकि डील की प्रमुख शर्तों में लेबनान से इजराइल की वापसी भी तय थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने स्विट्जरलैंड का अपना दौरा भी टाल दिया था, जहां ईरान के साथ अगले दौर की बातचीत होनी थी।*


### होर्मुज बंद नहीं, ईरान ने दावे को किया खारिज

स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को फिर बंद करने की खबर को ईरानी विदेश मंत्रालय ने पूरी तरह खारिज कर दिया है। ईरान की तरफ से कहा गया कि कमर्शियल शिपिंग होर्मुज के जरिए जारी है और ईरान पूरी तरह से अमेरिका के साथ हुए शांति समझौते का पालन कर रहा है। दरअसल, इससे पहले खबरें आ रही थीं कि ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) की नौसेना ने लेबनान पर इजराइली अटैक के बाद फिर से स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को बंद कर दिया है और सभी जहाजों को पार करने की कोशिश नहीं करने की चेतावनी दी है।

## चिंतन

# पैदल चलने वालों की सुरक्षा हो प्राथमिकता

देशभर में हाइवे का बेहतरीन जाल लगातार बिछाया जा रहा है। अब एक शहर से दूसरे शहर में जाना आसान हो गया है। कई हाइवेज पर औसत गति सीमा 100 किलोमीटर प्रति घंटा से अधिक है। यानी 200 से 300 किलोमीटर तक का सफर ढाई से तीन घंटे में ही पूरा किया जा सकता है। यह नए भारत की बदलती तस्वीर है। हमारे एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन विश्वविख्यात हो गए हैं। छोटे-छोटे शहरों में भी एस्केलेटर और लिफ्ट जैसी सुविधाएं मौजूद हैं। यह लोगों को नए-नए अनुभव दे रहे हैं, लेकिन शहरों के इंफ्रास्ट्रक्चर यानी आधारभूत ढांचा आज भी पुराने स्तर का ही है। एक शहर से दूसरे शहर में जाने के बाद सड़कों पर जाम, अनियंत्रित ट्रैफिक, फुटपाथों पर कब्जे और सड़कों के किनारे खड़ी रेहड़ियां ऐसा दृश्य उत्पन्न करती हैं कि 100 किलोमीटर की गति 10 किलोमीटर पर आकर ठहर जाती है। यह अनेक बार बड़े हादसों का कारण भी बनती हैं। सच्चाई यह है कि भारत के अधिकांश शहरों में पैदल चलना आज भी किसी चुनौती से कम नहीं है। फुटपाथ या तो हैं ही नहीं, और जहां हैं वहां अतिक्रमण, रेहड़ियां, अवैध पार्किंग या निर्माण सामग्री का कब्जा है। नतीजा यह होता है कि पैदल यात्री सड़क पर चलने को मजबूर होते हैं और तेज रफ्तार वाहनों के बीच उनका जीवन हर पल खतरे में रहता है। यही कारण है कि सड़क दुर्घटनाओं में बड़ी संख्या में पैदल चलने वाले और साइकिल सवार लोग अपनी जान गंवाते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को फुटपाथ पर सुरक्षित चलने को बुनियादी अधिकार बताया है। शीर्ष कोर्ट का यह फैसला अत्यंत महत्वपूर्ण है। अब इसका उल्लंघन हुआ तो जिम्मेदारों पर कड़ा एक्शन होगा। अब देशभर के निकायों व नगर निगमों को पैदल चलने वालों और शहर के इंफ्रास्ट्रक्चर पर गंभीरता से विचार करना होगा। हमारे हाइवे कितने ही अच्छे हो जाएं, लेकिन जब तक शहर का इंफ्रास्ट्रक्चर कमजोर होगा, तब तक वह किसी भी रूप में लोगों के लिए सुविधाजनक नहीं होगा। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट संदेश दिया है कि विकास का अर्थ केवल वाहनों के लिए सड़कें बनाना नहीं, बल्कि नागरिकों को सुरक्षित आवागमन का अधिकार देना भी है। सुप्रीम कोर्ट का फैसला बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के लिए बड़ी राहत देने वाला है। क्योंकि पैदल चलने वालों में सबसे ज्यादा हादसों का शिकार यही लोग होते हैं। विडंबना यह है कि भारत में सड़क निर्माण की योजना बनाते समय सबसे कम ध्यान पैदल यात्रियों पर दिया जाता है। शहरों में फ्लाईओवर, अंडरपास और चौड़ी सड़कें तो बनती हैं, लेकिन फुटपाथों की हालत दयनीय रहती है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अब जिम्मेदारी राज्य सरकारों, नगर निगमों और स्थानीय निकायों की है। फुटपाथों से अतिक्रमण हटाना, अवैध पार्किंग पर सख्ती करना, सुरक्षित पैदल पार पथ बनाना और सड़क निर्माण योजनाओं में पैदल यात्रियों को प्राथमिकता देना अब विकल्प नहीं, बल्कि दायित्व है। साथ ही नागरिकों को भी सार्वजनिक स्थानों पर कब्जा करने की मानसिकता छोड़नी होगी। भारत अमृतकाल की ओर बढ़ रहा है। यदि विकास को वास्तव में समावेशी बनाना है तो शहरों को केवल वाहनों के लिए नहीं, बल्कि लोगों के लिए बनाना होगा। हाइवे पर दौड़ती तेज रफ्तार तभी सार्थक होगी, जब शहर की गलियों और सड़कों पर एक आम नागरिक सुरक्षित और सम्मानपूर्वक पैदल चल सके।



दिवस विशेष
अखिलेश आर्येन्दु

# योग ध्यान से आध्यात्मिक पूंजी का निवेश

भारत सरकार ने योग ध्यान के फायदे को देखते हुए देश-दुनिया को बाह्य और अंदर से सेहतमंद बनाने के लिए पहल शुरू की। इसका परिणाम यह हुआ कि आज सारी दुनिया भारत के आर्थिक विकास की गति की ही नहीं, बल्कि योग ध्यान व अध्यात्म के जरिए विश्व में अहिंसा, नैतिकता, मानवता और शांति के पहल की भी मुराद हो गई है। इस नजरिए से आज की पीढ़ी के लिए योग ध्यान की जरूरत पहले से कहीं ज्यादा उपयोगी और फायदेमंद हो गई है। सोशल मीडिया के इस जमाने में जहां सब कुछ मोबाइल के एक छुअन से संभव हो रहा है, ऐसे में योग ध्यान और संयम की जरूरत कहीं ज्यादा हो गई है, जिसे रोजाना के अभ्यास या साधना के जरिए सहज रूप से हासिल किया जा सकता है।

दुनियाभर में विकास की एक ऐसी दौड़ जारी है, जो कहां पहुंच कर खत्म होगी, किसी को नहीं मालूम। हर कोई विकास की इस अंधी दौड़ में आगे निकल जाना चाहता है। जो सबसे आगे रहेगा, उसकी ही मनमानी और धौंस चलेगी। अमेरिका इसकी मिसाल है। इसका परिणाम यह हो रहा है कि विकास की यह दौड़ लोगों की जिंदगी से सहजता, सरलता, सौम्यता, सज्जनता, स्वच्छता और मानवीय आदर्शों को अलग कर रही है। न सेहत का ध्यान और न संयम का। यानी जीवन असंयम और बिगड़ी सेहत के नाम हो गया है। समय और संयम दोनों की कमी ऐसी हो गई है कि लोगों को अपने बारे में सोचने की फुसर्त नहीं मिल रही है। वहीं दकरोड़ों ऐसे लोग हैं जो विकास की दौड़ में शामिल तो हैं, लेकिन उन सभी जरूरी अभिक्रियाओं को भी कर रहे हैं जिससे जिंदगी एकांगी न हो जाए। यह स्थिति पच्चीस साल पहले दुनिया भर में दिखाई देती थी। लेकिन समय बदला और भारत में पतंजलि के योगदर्शन को व्यावहारिक बनाने का एक बड़ा नाम जुड़ गया। भारत सरकार ने भी योग ध्यान के फायदे को देखते हुए देश-दुनिया को बाह्य और अंदर से सेहतमंद बनाने के लिए पहल शुरू की। इस पहल का परिणाम यह हुआ कि आज सारी दुनिया भारत के आर्थिक विकास की गति की ही नहीं, बल्कि योग ध्यान व अध्यात्म के जरिए विश्व में अहिंसा, नैतिकता, मानवता और शांति के पहल की भी मुराद हो गई है।

जब 2015 में 21 जून को भारत ने दुनिया को आर्थिक विकास के साथ आध्यात्मिक या यौगिक विकास पर भी गौर करने के लिए प्रेरित किया, तो लोगों को महर्षि पतंजलि की धारा को आगे बढ़ाने वाले महर्षि दयानंद, स्वामी विवेकानंद, परमहंस स्वामी, महर्षि रमण और महर्षि अरविंद याद आ गए। यह एक तरह का दुनिया के दो सौ देशों में योग ध्यान के जरिए आध्यात्मिक पूंजी का निवेश जैसा था। दुनिया के सभी देशों ने भारत के इस आध्यात्मिक निवेश का दिल खोलकर स्वागत ही नहीं किया, बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बनाने के लिए खुद को तैयार किया और इसे सहज तरीके से स्वीकार भी कर लिया। पिछले बीस सालों में दुनिया में बहुत कुछ बदला है, जिसमें योग ध्यान की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। जिस तरह दुनियाभर की सरकारें और कंपनियां भारत में पूंजी निवेश करने के लिए आगे आईं हैं, उसी तरह भारत द्वारा किए गए योग ध्यान की आध्यात्मिक पूंजी के निवेश से सेहत के मामले में फायदा लिया है। आज हम यदि यह कहें कि शायद ही दुनिया का कोई देश हो जो भारत के इस आध्यात्मिक पूंजी को अपने देश के लोगों की जिंदगी के खुशहाली की पूंजी न बनाया हो, तो अतिशयोक्ति नहीं माना जाएगा। भारत सनातन से आध्यात्मिक, धार्मिक (मजहबी नहीं) और विज्ञानपरक और मूल्यवान साहित्य के क्षेत्र में दुनियाभर में जाना जाता रहा है, लेकिन 21वीं सदी (पिछले 12 वर्षों में) भारत ने नए सिरे से जिस तरह से आध्यात्मिक, नैतिक, मानव मूल्यों, सर्वहितकारी विचारों और कार्यों को लेकर दुनियाभर में एक चिंतन पैदा किया उससे उसकी सनातन धारा फिर से अविचल गति से आगे बढ़ती जा रही है। दुनियाभर में जहां आर्थिक विकास और प्रगति के लिए ही सभी तरह की कवायदें चल रही हैं, वहीं भारत में योग और वेद के जरिए दुनिया



को सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया के मकसद से सब को सुखी, निरोग और नैतिक बनाने के कार्य में आगे बढ़ रहा है। दस वर्ष पूर्व जब योग दिवस संयुक्त राष्ट्र संघ के माध्यम से मनाने की घोषणा हुई थी, तब से लेकर अब तक योग ध्यान और भारत का अध्यात्म तत्व दुनिया के लिए वरदान वनकर उभरा है।

भारत दुनिया में अपने सर्वोच्च आध्यात्मिक, धार्मिक, सांस्कृतिक और दार्शनिक ज्ञान, अनुभव और कार्य के जरिए यह बताने और समझाने में लगा हुआ है कि महज भौतिक या आर्थिक उन्नति या आधुनिक विज्ञान की उन्नति से विश्व समाज में शांति, सौहार्द, न्याय, सहजता, पवित्रता, सुख, प्रेम, सत्य, अहिंसा और परमार्थ की अविरल धारा को आगे नहीं बढ़ाया जा सकता है। इसलिए योग ध्यान, जप, तप और ईश्वरीय ज्ञान उतना ही जरूरी है जितना कि आर्थिक, वैज्ञानिक और सामाजिक उन्नति करना। योग एक व्यक्ति से अनंत को साधने, संवारने और निर्माण का साधन है। यह साधन भी और साध्य भी है। यानी इसके जरिए हम जिस परा-अपरा शक्ति को हासिल करना चाहते हैं, वह शक्ति इससे ही सहज तरीके से हासिल की जा सकती है। 21 जून यानी योग दिवस दुनिया के हर व्यक्ति को याद दिलाता है कि जिंदगी के लिए धन, सम्पत्ति, रिश्ते-नाते और सभी तरह की भौतिक उन्नति जितनी जरूरी है। उतनी ही जरूरी है सेहत, शांति, प्रेम, अहिंसक स्वभाव, न्याय और सौहार्द के प्रति अनुराग और मानव मूल्य के साथ ही उस परा शक्ति से मिलन की जिज्ञासा, जिससे यह सारी कायनात संचालित है। दुनिया को अब यह समझ में आने लगा है कि योग ध्यान और भारतीय अध्यात्म से ही जीवन में असली सुख या आनंद हासिल किया जा सकता है। भारत ने योग ध्यान के जरिए दुनिया को यह याद दिलाने की कोशिश की है कि जिंदगी में यदि संतुलन, सच्चा सुख-आनंद और शांति को बनाए रखना है तो योग ध्यान का अभ्यास उतना ही जरूरी है जितना की जिंदा रहने के लिए शुद्ध भोजन, साफ जल का संतुलित इस्तेमाल और श्वास लेना। जाहिर तौर पर ऋषि पतंजलि ने योगदर्शन के जरिए जिंदगी को हर तरह से खुशहाल और शांतिमय बनाए रखने के जरूरी सूत्र, सिद्धांत और नियम बता दिए हैं, जो बेहद रोचक, तर्कपूर्ण और विज्ञानपरक हैं। जिस तरह से योग जन-गण-मन के जीवन का आंदोलन बन गया, वह किसी युगांतरकारी चमत्कार से कम नहीं है। यह किसी युग पुरुष के जरिए विश्व समाज और मानव जीवन का कल्याण करने की ऐसी अमर गाथा है जिसे भारत का जन मानस ही नहीं, बल्कि विश्व समाज भी स्वीकार करता है कि योग के जरिए उनकी जिंदगी में नई तरह की बहार आई है। यह कौन स्वीकार नहीं करेगा कि विश्व समाज को योगमय और आयुर्वेदमय बनाने में योग ऋषि स्वामी रामदेव और बाल कृष्ण महाराज का सर्वाधिक योगदान है। दुनिया के दो सौ देशों में इस अनोखे और नियमबद्ध ज्ञान-विज्ञान को स्वामी ने अपने शिष्यों के जरिए दुनियाभर में पहुंचाने में जितना पुरुषार्थ किया है, वह अवर्णनीय है। यह है भारत की आध्यात्मिक विद्या या पूंजी का दुनियाभर में निवेश का परिणाम, जिससे दुनिया का हर व्यक्ति प्रभावित है और लाभ हासिल कर रहा है। योग दिवस हम सब को याद दिलाता है कि विकास की सरपट दौड़ लगाना ही काफी नहीं है, बल्कि आतंरिक विकास के लिए दौड़ लगाना भी उतना ही जरूरी है। इस नजरिए से आज की पीढ़ी के लिए योग ध्यान की जरूरत पहले से कहीं ज्यादा उपयोगी और फायदेमंद हो गई है। सोशल मीडिया के इस जमाने में जहां सब कुछ मोबाइल के एक छुअन से संभव हो रहा है, ऐसे में योग ध्यान और संयम की जरूरत कहीं ज्यादा हो गई है, जिसे रोजाना के अभ्यास या साधना के जरिए सहज रूप से हासिल किया जा सकता है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## व्यक्तित्व

योगेंद्र माथुर




# बच्चों के चरित्र निर्माण में बाल साहित्य की सशक्त भूमिका

किसी भी देश के स्वस्थ विकास के लिए यह आवश्यक है कि उसके लिए ऐसे नागरिक तैयार किए जाएं, जो लोकतांत्रिक समाज व मूल्यों में आस्था रखते हों और मानवीय उच्च संस्कारों से युक्त हों। ऐसे उच्च संस्कार युक्त नागरिकों का दैदिप्यमान व्यक्तित्व समाज व देश की पहचान को नई आभा प्रदान करता है। किसी भी व्यक्ति के संस्कार व चरित्र निर्माण की नींव बाल्यावस्था में ही पड़ जाती है। एक बच्चा अपनी उम्र की आरंभिक अवस्था में जैसा देखता-सुनता व पढ़ता है, उसी से उसका व्यक्तित्व निर्माण व भविष्य निर्धारित होता है। बच्चों के उजले चेहरे देश के सुंदर भविष्य के द्योतक होते हैं। इसलिए देश भविष्य को सुंदर व सुखद बनाने के लिए बच्चों का सर्वांगीण विकास आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य है। व्यक्तित्व निर्माण में सद साहित्य का महत्वपूर्ण योगदान होता है। माता-पिता व गुरु के बाद पुस्तकें व सद साहित्य ही व्यक्ति का श्रेष्ठ मार्गदर्शक होता है। पहले दादा-दादी, नाना-नानी व घर के अन्य बुजुर्गों द्वारा बच्चों को देवी-देवताओं, राजा-महाराजाओं, पशु-पक्षियों व अन्य पौराणिक व ऐतिहासिक चरित्रों को आधार बनाकर सुनाई जाने वाली कथा-कहानियां शिक्षा का एक अहम अंग हुआ करती थीं, जो मनोरंजन के साथ-साथ बच्चों के बौद्धिक, नैतिक व मानसिक विकास में सहायक बनती थी। बाद में बाल साहित्य ने भी इसमें जगह बना ली। हममें से कई लोग और हमारे पहले व बाद की पीढ़ी के भी कई लोगों ने स्वस्थ बाल साहित्य से काफी कुछ सीखा है। जीवन में ज्ञान, बुद्धि, विनय, विवेक, दया, परोपकार, सत्य, सदाचार व अहिंसा जैसे जैसे उद्दात्त नैतिक मूल्यों, गुणों, आदर्शों व सिद्धांतों का महत्व पता चला और ये हमारे व्यक्तित्व निर्माण या विकास में अत्यंत सहायक बने। हमारे ऋषि-मुनि, धर्मग्रंथकार व नीति निर्धारणकर्ता अत्यंत दूरदृष्टा थे, जिन्होंने इंसान के मनोविज्ञान को समझकर ही धर्म व नीति अनुकूल संदेश उन तक पहुंचाने के लिए कथा-कहानियों का सृजन किया। पिछले कुछ वर्षों में स्कूली शिक्षा में जो नवाचार प्रक्रिया अपनाई जाने लगी है, उनमें भी बच्चों तक अपनी बात पहुंचाने के लिए कथा-कहानियों को एक माध्यम बनाया रहा है। यह एक मनोवैज्ञानिक तथ्य है कि बच्चों को शिक्षा देने के तरीके मनोरंजक होना चाहिए। मनोचिकित्सकों के अनुसार किसी भी बात को मनोरंजन के जरिये बच्चों के मस्तिष्क में आसानी से पहुंचाया जा सकता है। चित्रकथा इसका अधिक बेहतर माध्यम हो सकती है। यह एक मनोवैज्ञानिक तथ्य है कि बच्चों को चित्रों के माध्यम से जो जानकारी दी जाती है, उसका प्रभाव उनके मस्तिष्क पर स्थायी छाप छोड़ता है। चित्रकथा देखने-पढ़ने के बाद बालक को अर्थ ग्रहण करने की ऐसी किसी प्रक्रिया से नहीं गुजरना पड़ता है, जैसा कि उसे किसी कहानी-कथा को सुनने या पढ़ने के बाद उसका अर्थ ग्रहण करने के दौरान गुजरना पड़ता है। इस दृष्टि से बोलते चित्रों का महत्व काफी बढ़ जाता है। अब इसे दुर्भाग्य कहा जाए या विडंबना कि आज का बच्चा टेलीविजन व वीडियो गेम की चकाचौंध में गुम होकर रह गया है। स्वस्थ बाल साहित्य से उनका दूर-दूर तक का नाता नजर नहीं आता। टेलीविजन का छोटा पर्दा हो या मोबाइल, बच्चों के स्वस्थ विकास में सहायक होने के बजाय सांस्कृतिक प्रदूषण फैलाने वाले माध्यम बन कर रह गए हैं। वर्तमान में छोटे पर्दे के अधिकांश कार्यक्रम या एनिमेशन फिल्में बच्चों में हिंसा, द्वेष व वैमनस्यता के भाव पैदा कर रही हैं और बच्चों के मन-मस्तिष्क पर आघात पहुंचा रही हैं। इससे कई सामाजिक व मनोवैज्ञानिक विकृतियां फैल रही हैं। बच्चों के स्वास्थ्य पर भी गहरा असर पड़ रहा है। इनमें मानवीय संवेदनाओं और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए कोई जगह नजर नहीं आती। यही वजह है कि हमारे देश में बाल अपराधों की संख्या का ग्राफ दिन-ब-दिन ऊंचा उठता जा रहा है। हिंसा के साथ-साथ छोटे पर्दे व मोबाइल पर वीडियो फिल्मों आदि में प्रसारित अश्लीलता के ज्वार से किशोरावस्था में पहुंच चुके या पहुंच रहे बच्चों के कोमल मन गहरे से प्रभावित हो रहे हैं और उनकी मानसिकता व संवेदना दूषित हो रही है। यह अश्लीलता व सेक्स उन्हें न केवल लुभाने लगा है बल्कि कच्ची उम्र में ही वयस्कता के अनुभवों से 'तर' करने लगा है। पिछले कुछ वर्षों में किशोरवय बच्चों द्वारा सहपाठी या साथी अथवा अन्य मासूम बच्चियों के साथ दुष्कर्म किये जाने की घटनाएँ भी तेजी से बढ़ीं हैं। ठीक इसी तरह नशे की प्रवृति का विकास हो रहा है और कोमल पौधे पनपने से पहले मुरझा रहे हैं। ऐसे में बच्चों को टेलीविजन व मोबाइल द्वारा फैलाए जा रहे ऐसे सांस्कृतिक प्रदूषण से बचाने के लिए शिक्षाप्रद बाल साहित्य से जोड़ा जाना नितांत आवश्यक ही नही अनिवार्य है। इस विषय मे गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## जीवन दर्शन भीतरी पराधीनता से मुक्ति



संकलित
दर्शन

स्वाधीनता किसे अच्छी नहीं लगती? हर किसी की चाह होती है सारे बंधनों से मुक्त होने की। पिंजरे में बंद पक्षी हो या रस्सी से बंधा हुआ पशु, हर प्राणी स्वतंत्रता या स्वाधीनता चाहता है। फिर मनुष्य, जिसकी चेतना इन पशु-पक्षियों से कहीं श्रेष्ठ है, भला वह क्यों नहीं चाहेगा स्वाधीन होना? इसीलिए हर सभ्यता में मनुष्य ने सदैव स्वाधीनता के लिए संघर्ष किया है। तो क्या आज मानव जाति स्वाधीन है? शायद आप कहेंगे- हां। यह सही भी है, किंतु यदि हम ध्यान से देखें तो हमें समझ आ जाएगा कि सौभाग्य से मानव जाती बाह्य स्वतंत्रता तो पा चुकी है, किंतु दुर्भाग्य से आज बहुत बड़े स्तर पर भीतरी पराधीनता से त्रस्त है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि हम अपनी इस भीतरी पराधीनता को ही स्वाधीनता समझने लगे हैं, क्योंकि स्वाधीनता की हमारी सोच अत्यंत बचकानी हो गई है। पराधीनता दो प्रकार की होती है- बाहरी और भीतरी। बाहरी पराधीनता से स्वाधीन होना फिर भी आसान है, क्योंकि हमें बाहरी स्वाधीनता की प्रतीति होती है और हम पूरी जान लगाकर उसके लिए प्रयास करते हैं। लेकिन भीतरी पराधीनता से मुक्ति..? हमें तो अपनी इस भीतरी पराधीनता की प्रतीति तक नहीं है, फिर स्वाधीनता का प्रयास कैसे होगा? हम आज भी पराधीन हैं - कई स्तरों पर, कई रूपों में। तो क्या है यह भीतरी पराधीनता? किसके अधीन हैं हम? आपने देखा होगा कि लोग बड़े गर्व से अक्सर कहते हैं, 'मुझे यह पसंद है, इसलिए मैं यह करके रहूंगा और वह मुझे पसंद नहीं है, इसलिए उसे मैं बिल्कुल नहीं करूंगा, क्योंकि मैं स्वाधीन हूं।'

## जब मुंह खोलोगे ही नहीं तो फंसोगे कैसे?



संकलित
प्रेरणा

एक मछलीमार कांटा डाले तालाब के किनारे बैठा था। काफी समय बाद भी कोई मछली कांटे में नहीं फंसी, ना ही कोई हलचल हुई तो वह सोचने लगा... कहीं ऐसा तो नहीं कि मैने कांटा गलत जगह डाला है, यहां कोई मछली ही न हो! उसने तालाब में झांका तो देखा कि उसके कांटे के आसपास तो बहुत-सी मछलियाँथीं। उसे बहुत आश्चर्य हुआ कि इतनी मछलियां होने के बाद भी कोई मछली फंसी क्यों नहीं! एक राहगीर ने जब यह नजारा देखा तो उससे कहाः लगता है भैया, यहां पर मछली मारने बहुत दिनों बाद आए हो! अब इस तालाब की मछलियां कांटे में नहीं फंसती। मछलीमार ने हैरत से पूछाः क्यों, ऐसा क्या है यहां? राहगीर बोलाः पिछले दिनों तालाब के किनारे एक बहुत बड़े संत ठहरे थे। उन्होने यहां मौन की महत्ता पर प्रवचन दिया था। उनकी वाणी में इतना तेज था कि जब वे प्रवचन देते तो सारी मछलियां भी बड़े ध्यान से सुनतीं। यह उनके प्रवचनों का ही असर है कि उसके बाद जब भी कोई इन्हें फंसाने के लिए कांटा डालकर बैठता है तो ये मौन धारण कर लेती हैं। जब मछली मुंह खोलेगी ही नहीं तो कांटे में फंसेगी कैसे? इसलिए बेहतर यहीं होगा कि आप कहीं और जाकर कांटा डालो। क्योंकि यह एक ही अनेक भयंकर परिस्थितियां पैदा करने के लिए पर्याप्त है। संत ने कितनी सही बात कही कि जब मुंह खोलोगे ही नहीं तो फंसोगे कैसे? अगर इन्द्रिय पर संयम करना चाहते हैं तो.. इस जिह्वा पर नियंत्रण कर लेवें बाकी सब इन्द्रियां स्वयं नियंत्रित रहेंगी। यह बात हमें भी अपने जीवन में उतार लेनी चाहिए।

## अंतर्मन




### आज की पाती


**राष्ट्र निर्माता के रूप में गृहणियों की भूमिका**

जून 2026 में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने एक ऐतिहासिक निर्णय देते हुए गृहणियों को राष्ट्र निर्माता की संज्ञा प्रदान की। सुप्रीम कोर्ट द्वारा गृहणियों के योगदान को राष्ट्र निर्माण से जोड़ते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माता कहना न केवल महिलाओं के सम्मान का प्रतीक है, बल्कि समाज की सोच में सकारात्मक परिवर्तन का भी संकेत है। यह महत्वपूर्ण फैसला सुप्रीम कोर्ट की दो सदस्यीय पीठ ने सुनाया। दोनों न्यायाधीशों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि गृहणियां केवल घर संभालने वाली महिलाएं नहीं हैं, बल्कि वे राष्ट्र निर्माण की आधारशिला हैं। यह मामला वर्ष 2001 में पंजाब में हुई एक सड़क दुर्घटना से जुड़ा था। दुर्घटना में रेशमा नामक महिला की मृत्यु हो गई थी। उसके पति और बच्चों ने मुआवजे की मांग की थी। उच्च न्यायालय के बाद अब जब यह मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा, तो महिला के परिजनों को न्याय मिला।

**- वसुंधरा कश्यप**, राजनांदगांव

## ट्रेंड


### भारत का पक्ष



एवियन में जी- 7 समिट के दौरान मेरी कई उपयोगी बैठकें और बातचीत हुईं। मुझे गवर्नेंस और पॉलिसी बनाने के अहम मुद्दों पर भारत का पक्ष और प्रयास रखने का मौका मिला।

**- नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### आत्मनिर्भर भारत



डिफेंस सेक्टर में 'आत्मनिर्भर भारत' की मज़बूत नींव सिर्फ़ बड़े हथियारों व प्लेटफार्म पर ही नहीं, बल्कि उनके पीछे काम करने वाले अहम पुर्ज़ों पर टिकी है। यंत्र इंडिया इन्हीं 'बुनियादी उत्पादों' के ज़रिए देश की रक्षा क्षमताओं को मज़बूत कर आत्म निर्भरता के लक्ष्य को गति दे रहा है।

**- राजनाथ सिंह,** रक्षामंत्री

### बीजेपी सरकार की मंशा



बीजेपी सरकार की मंशा है कि करापुर की ज़मीन बिल्डरों को सौंपकर उसे पूरी तरह बर्बाद कर दिया जाए। करापुर के स्थानीय लोग अपने शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए आज़ाद मैदान आना चाहते थे, लेकिन उन्हें हिरासत में ले लिया गया।

**-अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### निंदनीय हरकत



दूसरे राज्यों से अपराधियों को यूपी बुलाकर माहौल खराब करने की बीजेपी की हरकत बेहद निंदनीय है। सपा सांसद राजीव की कोशिशों से जनहित में "मऊ-आनंद विहार ट्रेन" शुरू की गई, लेकिन उद्घाटन के मौके पर माहौल तनावपूर्ण बना दिया गया।

**-अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

## करंट अफेयर


# भारत ने संरा में पाकिस्तान को 'भस्मासुर देश' दिया करार



भारत ने संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान की कड़ी आलोचना करते हुए उसे 'भस्मासुर देश' करार दिया और कहा कि जब उसका 'अपना ही राक्षस उसे डसता है' तो वह हैरान रह जाता है। नयी दिल्ली ने बुधवार को यह बात इस्लामाबाद पर आतंकवादियों को ''पनाह देने, प्रशिक्षण देने और उनका इस्तेमाल करने'' का आरोप लगाते हुए कही। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन की प्रथम सचिव अनुपमा सिंह ने कड़ी टिप्पणी तब की जब पाकिस्तान और इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) ने संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त की वार्षिक रिपोर्ट पर हुई चर्चा के दौरान जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया। सिंह ने कहा, 'पाकिस्तान और ओआईसी की ओर से दिए गए संदर्भ के जवाब में भारत को उत्तर देने के इस अधिकार का इस्तेमाल करना पड़ रहा है। हम पाकिस्तान के निराधार और दुर्भावनापूर्ण आरोपों को पूरी तरह से खारिज करते हैं।' उन्होंने कहा, 'हम ओआईसी की ओर से जम्मू-कश्मीर के बारे में की गई बातों को भी पूरी तरह से खारिज करते हैं... साफ तौर पर कहें तो, जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा। एकमात्र अनसुलझा मुद्दा भारतीय क्षेत्रों पर पाकिस्तान का अवैध कब्ज़ा और उनका वापस किया जाना है।'

## ऑफ बीट

# सूर्य हमारे अस्तित्व के लिए क्या आवश्यक है



आज इस बात के बहुत ज़्यादा सबूत नहीं हैं कि प्राचीन लोग मानते थे कि सूरज की रोशनी ही बीमारी को ठीक कर सकती है। इसके बजाय, इस बात के ज़्यादा सबूत हैं कि वे ठीक होने के लिए सूरज की गर्मी का इस्तेमाल करते थे। एबर्स पेपीरस ईसा पूर्व 1500 साल के आसपास का प्राचीन मिस्र का चिकित्सा 'स्क्रॉल' है। इसमें ''नसों को लचीला बनाने'' के लिए मरहम बनाने की विधि दी गई है। यह मरहम शराब, प्याज, कालिख, फल और पेड़ के अर्क लोबान और लोहबान से बनाया गया था। इसे लगाने के बाद, व्यक्ति को ''सूर्य के प्रकाश में रखा जाता था।'' उदाहरण के लिए, खांसी के इलाज के लिए अन्य नुस्खों में विभिन्न सामग्री को एक बर्तन में डालकर धूप में रखना शामिल था। यही तकनीक चिकित्सा लेखन में भी है जिसका श्रेय यूनानी चिकित्सक हिप्पोक्रेट्स को दिया जाता है जिनका काल लगभग 450-380 ईसा पूर्व माना जाता है। लगभग 150 ई. में आधुनिक तुर्की में सक्रिय रहे चिकित्सक एरेटियस ने लिखा था कि सूर्य का प्रकाश सुस्ती सहित कई बीमारियों को ठीक कर सकता था। इसमें वह बीमारी भी है जिसे हम आज अवसाद के रूप में पहचानते हैं। सुस्ती मिटाने का अर्थ है प्रकाश में लेटना, सूर्य की किरणों के संपर्क में आना; तथा अपेक्षाकृत गर्म स्थान में रहना।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com


Raheja Group
Raheja LUXE
Introducing
Raheja
AVANA
A NEW LEAGUE AT KACHNA
Inaugurating the experience centre of
Raipur's Most Ambitious Residential Canvas
THE CLUB
MAHESHWARI
Unlock Exclusive Inaugural Benefits
20th June
Saturday
04:30 pm Onwards
21st June
Sunday
11:00 am Onwards
92945 92945
PCGRERA061025001976
rera.cgstate.gov.in
Designed By Globally known
Ar.Andy Fisher
(Founder, AFW Singapore)
74 Boutique Residential Spaces



केटरिंग का काम करने वाली महिला के साथ विवाहित प्रेम कर बैठा। दोनों की नजदीकियां बढ़ी और लगातार मिलने जुलने का सिलसिला शुरु हो गया। 7 दिसंबर 2025 की रात करेंगाडीह उतई निवासी विजय बांधे (24) अपनी प्रेमिका गौतम नगर सुपेला निवासी उर्मिला निषाद (30) को मोमोज खिलाने के बहाने उसे उताई थाना क्षेत्र के पुराई के सुनसान जगह नहर के पास लेकर गया। जहां दोनों बैठकर मोमोज और चाईनीज पकौड़ा खाए, तभी विजय ने उर्मिला पर चापर से कई वार कर दिया। जब महिला ने शादी का दबाव विजय पर बनाया तो परेशान होकर उसने उर्मिला से छुटकारा पाने का साजिश रहा। मौका मिलते ही चापर से उर्मिला को मारकर मौत के घाट उतारा दिया।

## शादी का दबाव पड़ा भारी

# जिस पर किया जान से ज्यादा भरोसा उसी ने दे दी मौत की सजा

## मोमोज के एक टुकड़े और हेयर क्लिप से सलाखों के पीछे पहुंचा बेरहम प्रेमी

● भिलाई से जेएम तांडी

पहचान छिपाने के लिए विजय ने महिला के शव के ऊपर पेट्रोल डालकर उसके ऊपर पैरा डालकर आग लगा दी। शव पूरी तरह जल जाए, इसके लिए विजय बंधे ने आसपास से पैरा एकत्र कर जलती आग में डाल दिया और मौके से बाइक लेकर अपने गांव करगाडीह आ गया। दोनों की मुलाकात केटरिंग काम दे दौरान हुई थी। 2-3 साल से दोनों के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। आरोपी विजय बांधे ने विवाद और शादी के दबाव के कारण उर्मिला को रास्ते से हटाने की साजिश रची। घटना की शाम शाम 7 बजे विजय गौतम नगर उर्मिला के घर पहुंचा। विजय ने उर्मिला को झांसा दिया कि पाटन में शादी की पार्टी के काम से जाना है, और इस बहाने अपनी बाइक पर उसे बैठाकर उतई लेकर आया। जहां उर्मिला की हत्या कर फरार होने के बाद आरोपी अपने गांव में ही था। पूरी जानकारी गांव में ही लेता रहा। अगले दिन वो वापस सुपेला लौट गया। विजय डर की वजह से 9 दिसंबर को स्वयं सुपेला थाना पहुंचा। यहां पर उर्मिला निषाद की लापता की शिकायत दर्ज कराई। जिससे आरोपी खुद को बचा सके और प्रार्थी साबित हो पाए। लेकिन जैसा विजय ने हुलिया और घटनाक्रम बताया तो पुलिस को उस पर संदेह होने लगा। उसे पुलिस ने तुरंत हिरासत में लेकर पूछताछ करना शुरु किया और घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।



### 15 दिन तक रचता रहा साजिश

एसएसपी विजय अग्रवाल ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि आरोपी विजय-उर्मिला का पैसा भी रख लेता था। इसको लेकर भी उनके बीच कई बार विवाद हुआ था। विजय बांधे शादीशुदा था घटना के समय उसकी पत्नी गर्भवती थी। विजय बांधे को उसकी प्रेमिका उर्मिला शादी के लिये दबाव बनाती थी। जिससे इसका पारिवारिक जीवन तनाव में रहता था और आर्थिक तंगी बनी रहती थी। इनमें पैसों के लेनदेन का विवाद भी होता था। पैसों की बात पर उर्मिला इसे सार्वजनिक रूप से बेइज्जत करती थी। परेशन विजय उर्मिला को इस कारण रास्ते से हटाया। 15 दिन से विजय उर्मिला की हत्या करने के फिराक में था। इसके लिए उसने सुपेला से चापर खरीदा, उसके बाद उमरपोटी पेट्रोल पंप से बॉटल में पेट्रोल लिया। फिर पुरई में सुनसान जगह ले जाकर उसकी हत्या कर दी।





### खेल मैदान के पास मिली थी लाश

उतई पुलिस ने बताया कि 8 दिसंबर की सुबह ग्राम पुरई के कोटवार ने पुलिस को सूचना दी कि करगाडीह-पाउवारा नहर के पास बने खेल मैदान में महिला की अधजली लाश पड़ी मिली है। सूचना मिलते ही तत्कालीन उतई थाना प्रभारी महेश ध्रुव अपनी टीम के सात मौके पर पहुंची। सुलझाने के लिए पुलिस ने 6 टीमे बनाई। आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल कॉल डिटेल और गुमशुदगी रिपोर्ट को खंगालना पुलिस ने शुरु किया। इस बीच आरोपी विजय खुद ही प्रार्थी बनकर पुलिस थाना पहुंचा था। पुलिस ने आरोपी का खून से सना कपड़ा भी जब्त कर लिया और अन्य लोगों की संलिप्ता की जांच हुई। पुलिस ने विजय को पकड़ने के लिए 40 से 50 सीसीटीवी फुटेज खंगाल गए। उसके बाद आरोपी तक पुलिस पहुंच पाई। इस पूरे कार्रवाई में तत्कालीन एएसपी ग्रामीण अभिषेक झा, फोरेसिंक एक्टसपर्ट डॉ मोहन पटेल, एसडीओपी अनूप लकड़ा, क्राइम डीएसपी अलेक्सजेंडर किरो, निरीक्षक महेश ध्रुव समेत पुलिस कर्मियों को योगदान रहा है।

15 अक्टूबर 2023 की सुबह एक सनसनीखेज खबर लेकर आई थी। पूर्व विधायक स्व. सोमप्रकाश गिरी के पुत्र और भाजपा कार्यकर्ता चंद्रशेखर गिरी गोस्वामी की उनके ही घर में घुसकर बेरहमी से हत्या कर दी गई । शुरूआती दौर में इस हत्याकांड को लेकर कई तरह की चर्चाएं हुईं, राजनीतिक बयानबाजी हुई और पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठे, लेकिन जांच आगे बढ़ी तो जो सच सामने आया, उसने सभी को चौंका दिया। पुलिस के अनुसार हत्या की साजिश किसी बाहरी दुश्मन ने नहीं, बल्कि मृतक के अपने सगे भाइयों ने रची थी।



● कुरूद से यशवंत गंजीर

# खून ही बना खून का प्यासा

पुलिस जांच में सामने आया कि 15 अक्टूबर 2023 की सुबह लगभग 5:30 बजे हेमगिरी गोस्वामी और हेमेंद्र गिरी गोस्वामी अपने साथियों के साथ दो वाहनों में सवार होकर कुरूद स्थित चंद्रशेखर गिरी के घर पहुंचे थे। आरोपियों ने घर में घुसकर चंद्रशेखर गिरी और उनकी पत्नी अर्चना गिरी पर लाठी, डंडे और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल दंपति को पहले कुरूद अस्पताल और फिर धमतरी रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में संबलपुर के पास चंद्रशेखर गिरी ने दम तोड़ दिया। हमले में अर्चना गिरी का पैर फ्रैक्चर हो गया था।

पुलिस के अनुसार चंद्रशेखर गिरी, हेमगिरी और हेमेंद्र गिरी तीनों सगे भाई थे और पैतृक संपत्ति को लेकर वर्षों से विवाद चल रहा था। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपियों ने चंद्रशेखर को घर से बेदखल करने और उसके हाथ-पैर तुड़वाने के लिए एक लाख रुपए की सुपारी दी थी। घटना के बाद आरोपी घर से 20 हजार रुपए नकद और सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी साथ ले गए थे। हालांकि हमले की गंभीरता के कारण मामला हत्या में बदल गया और पूरे जिले में सनसनी फैल गई।



## पूर्व विधायक के बेटे की हत्या के पीछे निकले सगे भाई



संपति विवाद से शुरू हुई खूनी साजिश

### हथियार, गाड़ियां और सुपारी की रकम भी बरामद

जांच के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से महिंद्रा थार ( सीजी 04 पीएफ 6897), महिंद्रा एक्सयूवी-500 (सीजी 17 केएच 8321), मित्सुबिशी कार ( जीजे 01 केपी 2583), आठ मोबाइल फोन, सीसीटीवी डीवीआर, वाई-फाई राउटर, 20 हजार रुपए नकद, 70 हजार रुपए सुपारी की शेष रकम तथा हमले में प्रयुक्त हथियार बरामद किए थे। पुलिस का दावा था कि घटना पूरी तरह योजनाबद्ध थी और संपत्ति विवाद ने अंततः एक राजनीतिक परिवार को ऐसे मोड़ पर ला खड़ा किया, जहां भाई ही भाई का सबसे बड़ा दुश्मन बन गया।



### 27 मामलों का आपराधिक इतिहास और 10 गिरफ्तारियां

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार मृतक चंद्रशेखर गिरी, उनकी पत्नी अर्चना गिरी तथा दोनों भाइयों के खिलाफ कुरूद थाना में कुल 27 प्रकरण दर्ज थे। इनमें चंद्रशेखर गिरी पर 12, अर्चना गिरी पर 5, हेमगिरी पर 6 और हेमेंद्र गिरी पर 4 मामले दर्ज थे। मामले की जांच के बाद पुलिस ने कुल 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें हेमगिरी गोस्वामी (47), हेमेंद्र गिरी गोस्वामी (42), शेख नादिम (31), समीर बाग (20), रिखी राम ध्रुव (18), मोहम्मद अब्दुल माजीर खान (36), सुनील वर्मा (21), जलधर बाग (22), नुहरुद्दीन (31) और मनीष वर्मा (22) शामिल थे। इनमें हेमगिरी और हेमेंद्र ग्राम मरौद, जिला धमतरी के निवासी हैं, जबकि शेष आरोपी रायपुर के कांपा मोवा और मोवा पुरानी बस्ती क्षेत्र के रहने वाले हैं।

प्यार के जुनून में नाबालिग को भला क्या मालूम था कि वह जिसे बेतहाशा प्यार करती है, वह शख्स अपने से पीछा छुड़ाने के लिए उसकी हत्या करने का मंशा रखता है। शादी समारोह में आई नाबालिग को उसके प्रेमी ने अपने दोस्तों की सहायता से अपहरण कर लिया। बिलासपुर की ओर जाने के लिए ट्रेन में सवार होकर जाने लगे। इस दौरान प्रेमी और नाबालिग बालिका के बीच प्रेम प्रसंग की बातों को लेकर विवाद हुआ तब अपने दोस्तों के साथ मिल कर ट्रेन के धक्का देकर उसकी हत्या कर दी।



● राजनांदगांव से संतोष दुबे

# पीछा छुड़ाने नाबालिग प्रेमिका को ट्रेन से धकेला

यह सनसनीखेज वारदात खैरागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुई थी। गांव की नाबालिग को एक युवक के साथ लगभग साल भर से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस दौरान वह अपने मां के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए दूसरे गांव आई हुई थी। 28 मार्च को शादी के रिसेप्शन के दौरान रात लगभग साढे 11 बजे नाबालिग कार्यक्रम से बिना किसी को कुछ बताए चली गई। जिसकी रिपोर्ट नाबालिग के पिता ने खैरागढ थाने में दर्ज कराई। इस मामले में पुलिस ने त्वरित रूप से जाच पड़ताल शुरू कर दी। तकनीकी साक्ष्य एवं संदेह के आधार पर पुलिस ने संदेही मोहन वर्मा (27), चिचोला को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई। इस दौरान वह लगातार पुलिस को गुमराह कर रहा था। अंततः उसने अपना जुर्म कबूल किया और पुलिस को बताया कि नाबालिग से उसका लगभग एक वर्ष से प्रेम प्रसंग था, नाबालिग उसे अपने साथ रखने के लिए दबाव डाल रही थी। साथ में नहीं रखने पर मरने की धमकी देती थी, जिससे वह काफी परेशान हो गया था । इस बात को वह अपने दोस्त हरीश वर्मा को बताया था। उसके बाद वह अपने दोस्त के साथ प्लान बनाया कि नाबालिग को डोंगरगढ़ बुलाकर समझाते है, नहीं मानने पर उसे हमेशा के लिए रास्ते से अलग करना है।

### गांव पहुंचकर कार्यक्रम से किया अपहरण

प्लान के मुताबिक नाबालिग को मिलने के लिए राजी किया। उसके बाद अपने दोस्त हरीश एवं एक अन्य नाबालिग दोस्त के साथ 28 मार्च की रात्रि में बाइक से खैरागढ़ क्षेत्र के विवाह स्थल गांव पहुंचे और नाबालिग का अपहरण किया। सबूत मिटाने के लिए पहले से ही कपड़े खरीद कर रखे थे। जिसे रास्ते में ही नाबालिग को चेंज कराए व मोबाइल तोड़ कर फेंक दिए। डोंगरगढ रेलवे स्टेशन से बिलासपुर का टिकट कराकर रात्रि लगभग 12 बजे एक्सप्रेस से बिलासपुर की ओर रवाना हो गए। ट्रेन में सीट ना मिलने की वजह से दरवाजे के पास ही बैठे थे।

### ट्रेन में धक्का देकर नीचे गिराया

बिलासपुर पहुंचने पर नाबालिग स्टेशन में उतरने बोली, किन्तु आरोपी उसे गुमराह कर और आगे ले गया । इस दौरान नाबालिग और प्रेमी मोहन वर्मा के साथ प्रेम प्रसंग को लेकर विवाद होने लगा। आरोपी मोहन वर्मा अपने साथी हरीश वर्मा व विधि से संघर्षरत बालक के साथ मिलकर नाबालिग को बिलासपुर के जयराम नगर रेलवे स्टेशन के आगे ट्रेन से धक्का देकर नीचे गिरा दिया, जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी व उसके दोस्त अकलतरा रेलवे स्टेशन में उतरे, तब सुबह हो गई थी। तीनों दोस्त दूसरी ट्रेन में बैठकर वापस डोंगरगढ़ गए और अपने अपने घर चले गए।

### सीसीटीवी फुटेज से मिला सुराग

पुलिस के मुताबिक जांच के दौरान घटना समय को अपहृता एवं आरोपी व विधि से संघर्षरत चारो लोग डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी कैमरे में देखे गए। साथ ही घटना के बाद अकलतरा रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज में भी उक्त तीनों को देखा गया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी मोहन वर्मा (27), हरीश वर्मा (31) को 1 अप्रैल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा व विधि से संघर्षरत बालक को बाल संप्रेषण गृह भेजा गया।

राहुल के अलावा अलका लांबा और इमरान प्रतापगढ़ी भी होंगे शामिल, पायलट, भूपेश, बैज और डॉ. महंत भी लगाएंगे क्लास

# दस दिन जिला कांग्रेस को सक्षम बनाने के लिए लगेगी क्लास, टिप्स भी मिलेंगे और योजना भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की मौजूदगी में रायपुर के अभनपुर में आयोजित संगठन सृजन कार्यक्रम में प्रदेश की शहर जिला कांग्रेस इकाइयों को सक्षम बनाने के लिए क्लास लगेगी। दस दिन चलने वाली सिसायत की इस पाठशाला में एआईसीसी और राज्य कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पदाधिकारियों को मौजूदा राजनीति के गुर सिखाते हुए जरूरी टिप्स भी देंगे। इस कार्यक्रम में महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा, माइनॉरिटी सेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी के साथ एआईसीसी के कई वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ, छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डा. चरणदास महंत सहित कई अन्य वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

कांग्रेस के इस आयोजन को लेकर फिलहाल सबसे अहम सवाल ये है कि आखिर 10 दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में आखिर कौन सा प्रशिक्षण दिया जाना है। राहुल गांधी 21 जून को छत्तीसगढ़ के एक दिवसीय दौरे पर रायपुर आ रहे हैं। वह पार्टी के 'संगठन सृजन अभियान' के तहत





जिला और शहर अध्यक्षों के आवासीय प्रशिक्षण शिविर में शामिल होंगे और लगभग 3 से 4 घंटे तक कार्यकर्ताओं के बीच रहकर उन्हें मार्गदर्शन देंगे। बताया गया है कि इस दौरान वे शहर-जिला कांग्रेस अध्यक्षों के सवालों का जवाब देंगे। यह कार्यक्रम एक सीधे संवाद के रूप में होगा।

**दस दिनों तक सिखाएंगे सियासत के गुर**–इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 20 जून से लेकर 29 तक दस सत्र आयोजित होंगे। इस दौरान संगठन और बूथ प्रबंधन के तहत जमीनी स्तर पर (ब्लॉक और बूथ स्तर तक) संगठन को मजबूत करने की विशेष रणनीति पर बात होगी। शहर-जिला अध्यक्षों, और नेताओं को जनता के बीच अधिक समय बिताने और पार्टी की नीतियों को हर घर तक पहुंचाने के निर्देश के साथ फील्ड में उतरकर काम करने के तरीके सुझाए जाएंगे।

## भाजपा बोली- 99 चुनाव हारने का कीर्तिमान रचने वाले राहुल कांग्रेसियों को जीत का क्या मंत्र देंगे



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कांग्रेस जिला अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर और उसमें शामिल होने के लिए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर कहा, जिस नेता के नाम पर राजनीति में 99 चुनाव हारने का अनोखा कीर्तिमान दर्ज हो, वह छत्तीसगढ़ आकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जीत का क्या मंत्र देंगे। यह शिविर प्रशिक्षण के लिए नहीं, बल्कि असफलता के जश्न और समीक्षा के लिए आयोजित किया जा रहा है। श्री ठाकुर ने कहा, कांग्रेस को इस प्रशिक्षण शिविर के एजेंडे में तुरंत एक नया विषय जोड़ना चाहिए लगातार चुनाव कैसे हारा जाता है और, इस विषय पर क्लास लेने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को मुख्य वक्ता बनाया जाना चाहिए। श्री बघेल अपने इस अनूठे अनुभव और हुनर से कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भली-भांति अवगत करा सकते हैं कि जमीन पर पूरी मेहनत करके भी, बनी-बनाई जीत को करारी हार में कैसे बदला जाता है। छत्तीसगढ़ की जनता ने विधानसभा और लोकसभा चुनावों में कांग्रेस को उसकी इसी काबिलियत का करारा जवाब दिया है। श्री ठाकुर ने कहा, छत्तीसगढ़ की जनता ने जिस नेतृत्व को पूरी तरह नकार दिया, भ्रष्टाचार और कुशासन के कारण सत्ता से बेदखल कर दिया, वही नेतृत्व आज कांग्रेस के जिला अध्यक्षों का मार्गदर्शन करने का ढोंग कर रहा है। राहुल गांधी खुद देशभर में कांग्रेस की डूबती नैया को बचाने में नाकामयाब रहे हैं, और छत्तीसगढ़ में उनके सिपहसालार रहे श्री बघेल ने राज्य में कांग्रेस का सूपड़ा साफ करवा दिया।

# मुख्यमंत्री साय ने महाराष्ट्र के विधायकों को धान खरीदी और किसान हितैषी योजनाओं के बारे में दी जानकारी



- छत्तीसगढ़ के कृषि विकास मॉडल का अध्ययन करने पहुंचा महाराष्ट्र का विधायक दल

**रायपुर**। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में महाराष्ट्र के विधायक प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से छत्तीसगढ़ में धान खरीदी व्यवस्था, किसानों के हित में संचालित योजनाओं, कृषि क्षेत्र में किए जा रहे सुधारों तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों के संबंध में विस्तार से जानकारी ली।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, छत्तीसगढ़ कृषि प्रधान राज्य है और यहां की बड़ी आबादी खेती-किसानी पर निर्भर है। राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने, कृषि को लाभकारी बनाने तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को बस्तर की समृद्ध आदिवासी कला एवं संस्कृति के प्रतीक बस्तर आर्ट का स्मृति-चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और राज्य सरकार किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए समन्वित रूप से कार्य कर रही हैं। छत्तीसगढ़ में किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित करने के साथ-साथ कृषि निवेश में सहायता, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार, आधुनिक तकनीकों का उपयोग और फसल विविधीकरण को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है।

### ये रहे उपस्थित

प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने कहा कि छत्तीसगढ़ का धान खरीदी मॉडल किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण का सफल उदाहरण है। उन्होंने इस मॉडल के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन कर महाराष्ट्र के धान उत्पादक क्षेत्रों में भी ऐसे प्रयासों को आगे बढ़ाने की बात कही। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, महाराष्ट्र के विधायक डॉ. परिणय फुके, विनोद अग्रवाल, राजू कारेमोरे एवं संजय पुराम, छत्तीसगढ़ मार्कफेड के अध्यक्ष शशिकांत द्विवेदी, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# बदलते मौसम का असर विमानों की आवाजाही पर, रायपुर-इंदौर फ्लाइट भोपाल डायवर्ट, घंटेभर बाद लौटी

**रायपुर**। बदलते मौसम का असर विमानों की आवाजाही पर होने लगा है। शुक्रवार को निर्धारित समय पर रायपुर से इंदौर के लिए उड़ी फ्लाइट को भोपाल में लैंड कराना पड़ा। मौसम सुधरने के बाद घंटेभर लेट से उसे वापस इंदौर लाया गया। आंधी-बारिश जैसी गतिविधि होने के कारण इंदौर से शाम रायपुर आने वाला विमान रात में रायपुर पहुंचा।



- इंदौर से शाम को आने वाला विमान रात में रायपुर पहुंचा

अंधड़ जैसी स्थिति बनने अथवा भारी बारिश के दौरान लो विजबिलिटी के दौरान लैंडिंग अथवा टेकऑफ में जोखिम होने के दौरान विमान को संबंधित क्षेत्र के विमानतलों पर उतरने की अनुमति नहीं दी जाती। बारिश के मौसम में अक्सर विमानों को दूसरे शहर डायवर्ट किया जाता है। आज इसी तरह की स्थिति रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से इंदौर के लिए उड़ान भरने वाली 6ई 6119 फ्लाइट के यात्रियों के साथ हुई। फ्लाइट अपने निर्धारित समय पर रायपुर से रवाना होकर इंदौर विमानतल पहुंची, मगर वहां का मौसम खराब होने के दौरान लैंडिंग की अनुमति नहीं मिली। फ्लाइट आसमान में दो-तीन चक्कर लगवाने के बाद पड़ोसी शहर भोपाल रवाना कर दिया गया। वहां लैंडिंग के बाद यात्रियों को इंदौर का मौसम खराब होने की जानकारी दी गई। करीब घंटेभर बाद जब मौसम सुधर गया, तो दोपहर 12.50 बजे उसे पुनः इंदौर लाया गया। इसी तरह इंदौर से रायपुर के लिए शाम के शेड्यूल में संचालित होने वाली फ्लाइट का संचालन भी सवा दो घंटे विलंब से हुआ। वहां से शाम 5.10 बजे रवाना होने वाली फ्लाइट 7.35 बजे रवाना हुई। यह विमान शाम 6.20 के बजाए रात 9 बजे के बाद रायपुर पहुंचा।

### नागपुर पहुंची थी दो फ्लाइट

दिल्ली से रायपुर आने वाली दो फ्लाइट 11 जून को ऐसे ही मौसम खराबी की वजह से रायपुर के बजाए नागपुर में लैंड कराया गया था। इंडिगो की फ्लाइट में उस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ कई दिग्गज रायपुर आ रहे थे। वहीं दूसरी फ्लाइट एयर इंडिया की थी। दोनों एयरक्राफ्ट को बाद में मौसम साफ होने के बाद रायपुर विमानतल पर लाकर लैंड कराया गया था।

### मानसून के दौरान बढ़ी चुनौती

विमानतल प्रबंधन से जुड़े सूत्रों के मुताबिक मानसून और खराब मौसम के दौरान उड़ानों के संचालन में इस तरह की स्थिति सामान्य मानी जाती है। जब दृश्यता तय मानकों से नीचे चली जाती है या मौसम अचानक खराब हो जाता है, तब विमान को वैकल्पिक एयरपोर्ट पर भेजना सुरक्षा प्रक्रिया का हिस्सा होता है। विपरीत मौसम के दौरान विमानों की लैंडिंग और टेकऑफ के दौरान अप्रिय घटना हो सकती है।

योग दिवस कल

# राज्यपाल रायपुर और मुख्यमंत्री साय सरगुजा के कार्यक्रम में रहेंगे

**रायपुर**। विश्व योग दिवस 21 जून को इस बार स्वस्थ आयु के लिए योग थीम पर सामूहिक योगाभ्यास का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। राज्यपाल रमेन डेका राजधानी रायपुर और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरगुजा के कार्यक्रम में शामिल होंगे। यहां के कार्यक्रम में प्रदेश के मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल भी शामिल होंगे। जिला मुख्यालयों में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास के कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री, प्रदेश के मंत्री, सांसद एवं विधायक मुख्य अतिथि होंगे।

केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू बिलासपुर में, उप मुख्यमंत्री अरुण साव दुर्ग में, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा कबीरधाम, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह राजनांदगांव में आयोजित होने वाले योग दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगें। इसी प्रकार कोरिया में मंत्री रामविचार नेताम, महासमुंद में दयालदास बघेल, सुकमा केदार कश्यप, कांकेर में लखन लाल देवांगन, जांजगीर-चांपा में ओपी चौधरी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में टंकराम वर्मा, बलरामपुर-रामानुजगंज में लक्ष्मी राजवाड़े, जशपुर में राजेश अग्रवाल, कोरबा में मंत्री गुरु खुशवंत साहेब और बालोद में गजेन्द्र यादव मुख्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। विभिन्न जिलों के आयोजन में सांसदों और विधायक शामिल होंगे। बलौदाबाजार-भाटापारा में बृजमोहन अग्रवाल, बेमेतरा में विजय बघेल, मोहला-मानपुर-चौकी में संतोष पांडेय, सूरजपुर में चिंतामणी महाराज, गरियाबंद में रूपकुमारी चौधरी, रायगढ़ में राधेश्याम राठिया, जांजगीर में कमलेश जांगड़े, नारायणपुर में महेश कश्यप और कोण्डागांव में सांसद भोजराज नाग शामिल होंगे। बीजापुर में विधायक लता उसेंडी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में ललित चंद्राकर, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में प्रणव कुमार मरपच्ची, मुंगेली में पुन्नूलाल मोहले, धमतरी में अजय चंद्राकर, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में रेणुका सिंह, बस्तर में किरण सिंह देव और दंतेवाड़ा में विधायक चैतराम अटामी मुख्य अतिथि होंगे।



## आगे-आगे चलेगा खोजी कुत्तों का दल, ऊपर उड़ेंगे ड्रोन अमरनाथ यात्रा में सख्त रहेगी भक्तों की सुरक्षा

एजेंसी ▶▶| जम्मू

खुफिया सूचनाओं के मुताबिक, अमरनाथ यात्रा के दौरान छोटी मिसाइल यानी हैंड ग्रेनेड से हमला, ड्रोन-अटैक, फिदायीन हमला और आईईडी से नुकसान पहुंचान का संभावित खतरा बना हुआ है। हालांकि सुरक्षा एजेंसियों ने उक्त खतरों का तोड़ निकाल लिया है।

केंद्रीय बलों के खोजी कुत्तों को यात्रा रूट पर लगाया जा रहा है। ये कुत्ते संदिग्ध सामान की जांच में विशेष सहयोग करते हैं। खोजी कुत्ते जमीन में चार फुट नीचे दबी विस्फोटक सामग्री खोज निकालते हैं। इसी के साथ ही सेना के ड्रोन भी यात्रा मार्ग पर निगरानी रखेंगे और उनके अनुसार यात्रा को सुचारू रूप दिया जाएगा। अमरनाथ यात्रा के दौरान ओएफसी केबल्स, डीएमआर कम्युनिकेशन, दिन और रात निगरानी करने वाले कैमरों की मदद ली जाएगी। खुफिया एजेंसियों के मुताबिक राज्य में लगभग पचास विदेशी दहशतगर्द और दर्जनों ओवर ग्राउंड वर्कर भी सक्रिय हैं। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर में तीन जुलाई से पवित्र अमरनाथ यात्रा शुरू हो रही है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अमरनाथ यात्रा को सुरक्षित बनाने का फुलप्रूफ प्लान तैयार कर लिया है। केंद्रीय बलों के खोजी कुत्तों को यात्रा रूट पर लगाया जा रहा है। ये कुत्ते संदिग्ध सामान की जांच में विशेष सहयोग करते हैं। खोजी कुत्ते जमीन में चार फुट नीचे दबी विस्फोटक सामग्री खोज निकालते हैं। संदिग्ध व्यक्ति अगर इनकी नजर में आ जाए तो संबंधित केंद्रीय बल तक वह जानकारी पहुंचाते हैं।

# मैक्रों बोले हिंदी में, 'भारत-फ्रांस की दोस्ती अमर रहे', मोदी को बताया सच्चा दोस्त

**पेरिस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का फ्रांस दौरा खत्म होने पर फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने उन्हें सरप्राइज दिया है। मैक्रों ने पीएम मोदी के लिए हिंदी में खास विदेश संदेश रिकॉर्ड किया। फ्रांसीसी राष्ट्रपति का प्रधानमंत्री मोदी को भारतीय भाषा में संबोधित करने की



कोशिश ने सभी का ध्यान खींचा है। यह संदेश उस समय दिया गया जब पीएम मोदी फ्रांस की अपनी सफल यात्रा पूरी कर रहे थे। मैक्रों ने पीएम मोदी को अपना सच्चा दोस्त बताया। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने कहा कि फ्रांस के साथ भारत के संबंध वैश्विक स्तर पर सबसे मजबूत द्विपक्षीय रिश्तों में से एक हैं। दोनों देशों के बीच अंतरिक्ष, रक्षा और कई अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में गहरा सहयोग जारी है। इससे पहले दिन में प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों ने पेरिस में आयोजित 'विवाटेक 2026' में हिस्सा लिया, जो यूरोप का सबसे बड़ा टेक्नोलॉजी और स्टार्टअप कार्यक्रम माना जाता है। तकनीकी उद्यमियों, स्टार्टअप्स, निवेशकों और बिजनेस लीडर्स को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने मानव-केंद्रित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), नई तकनीकों और उभरती तकनीकों में भारत-फ्रांस सहयोग के बढ़ते दायरे पर भारत की सोच को सामने रखा।

## आंध्र प्रदेश में एक ही परिवार के चार की मौत

**केवी अग्रहारम।** आंध्र प्रदेश के प्रकाशम जिले में शुक्रवार को तीन नाबालिग समेत एक ही परिवार के चार लोग मृत पाए गए। पुलिस ने बताया कि बच्चे अपने घर में मृत पाए गए जबकि उनके पिता पास के एक पेड़ की शाखा से जुड़े फंदे से लटके पाए गए। पुलिस के अनुसार, परिवार के सदस्य बृहस्पतिवार रात करीब साढ़े नौ बजे सोने गए थे। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार सुबह परिवार की ओर से कोई हलचल न होने पर बच्चों की दादी को शक हुआ और जब उन्होंने बच्चों को देखा, तो वे निष्क्रिय पड़े थे।

## पावागढ़ तीर्थस्थल में गिरी चट्टान दो की मौत आठ लोग घायल

**अहमदाबाद।** गुजरात के पंचमहल जिले में शुक्रवार सुबह भारी बारिश के दौरान पावागढ़ तीर्थ स्थल पर सीढ़ियों पर चट्टानें गिरने से कम से कम दो तीर्थयात्रियों की मौत हो गई और 8 लोग घायल हो गए। सूत्रों के अनुसार, यह घटना सुबह 6 बजे से 6:30 बजे के बीच पावागढ़ पहाड़ी पर पटिया पुल के पास हुई, जहां श्रद्धालु पहाड़ी की चोटी पर स्थित मंदिर की ओर जा रहे थे। माना जा रहा है कि इलाके में लगातार बारिश के कारण पहाड़ी की ढलान पर चट्टानें ढीली हो गईं, जिससे वे तीर्थयात्रियों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली सीढ़ियों पर गिर गईं। सूत्रों ने पुष्टि की कि इस घटना में कुल 10 लोग चपेट में आए थे। दो लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ अन्य घायल हो गए। मरने वाले दोनों लोग खेड़ा जिले के रहने वाले थे।


### कार्यालय आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
इन्द्रावती भवन, ब्लाक-डी (भू-तल) अटल नगर, जिला रायपुर (छ.ग.)
Phone -2263708, 2262558 Fax - 2262558
Email Id-pmscstobc@gmail.com

क्रमांक / STU/171/2026-SCHOLARSHIP SECTION
नवा रायपुर, दिनांक 15/06/2026

**सूचना प्रकाशन**

**वर्ष 2026-27 में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) हेतु ऑनलाईन पंजीयन की सूचना**

छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित समस्त शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कालेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं आई.टी.आई आदि के प्राचार्य / संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमें अध्ययनरत **अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग** के विद्यार्थियों, जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है, को सूचित किया जाता है कि **शिक्षा सत्र 2026-27 हेतु ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही http://postmatric-scholarship.cg.nic.in/** वेबसाइट पर ऑनलाईन की जा रही है। जिसके अंतर्गत विभाग द्वारा ऑनलाईन आवेदन / प्रस्ताव / स्वीकृति वर्ष 2026-27 हेतु निम्नानुसार तिथि निर्धारित की जा रही है:-

| आवेदन का प्रकार | आवेदन प्राप्ति तिथि | संस्था स्तर पर कार्यवाही हेतु समय-सीमा | जिला स्तर पर कार्यवाही हेतु समय-सीमा | संभावित छात्रवृत्ति वितरण तिथि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| नवीनीकरण | 30 जून 2026 तक | 1. अशासकीय संस्थाओं प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर जिला को भेजना 07 दिवस अधिकतम | 1. अशासकीय संस्थाओं के आवेदनों का परीक्षण एवं स्वीकृति उपरान्त राज्य मुख्यालय को प्रेषित करने हेतु अधिकतम 08 दिवस | 18 जुलाई 2026 | आधार सीडेड बैंक खाते में भुगतान 07 कार्य दिवस में प्राप्त होगा। |
| | 30 सितम्बर 2026 तक | | | 18 अक्टूबर 2026 | |
| | 30 नवम्बर 2026 तक | | | 18 दिसम्बर 2026 | |
| | 30 दिसम्बर 2026 तक | | | 18 जनवरी 2027 | |
| नवीन | 30 अगस्त 2026 तक | 2. शासकीय संस्थाओं प्राप्त आवेदनों का परीक्षण स्वीकृत कर जिला को भेजना 10 दिवस अधिकतम | 2. शासकीय संस्थाओं के आवेदनों का परीक्षण एवं स्वीकृति उपरांत राज्य मुख्यालय को प्रेषित करने हेतु अधिकतम 05 दिवस | 18 सितम्बर 2026 | |
| | 30 सितम्बर 2026 तक | | | 18 अक्टूबर 2026 | |
| | 30 नवम्बर 2026 तक | | | 18 दिसम्बर 2026 | |
| | 30 दिसम्बर 2026 तक | | | 18 जनवरी 2027 | |

वर्ष 2026-27 में विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति **आवेदन नवीनीकरण के लिए 20 जून 2026 एवं नवीन आवेदन के लिए 01 अगस्त 2026** से छात्रवृत्ति पोर्टल प्रारंभ किये जायेगे। प्राप्त नवीनीकरण एवं नवीन आवेदनों का परीक्षण एवं स्वीकृति संबंधी समस्त कार्यवाही समयावधि में वितरण तिथि के पूर्व स्वीकृत कर्ता अधिकारी द्वारा पूर्ण कर लिया जाए जिससे सक्षम प्राधिकारी द्वारा छात्रवृत्ति का सम्पूर्ण वितरण एवं भुगतान माह जनवरी 2027 तक पूर्ण किया जा सकें।

**1. छात्रवृत्ति हेतु निम्नानुसार पात्रता निर्धारित है:-** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विद्यार्थियों के पालक की आय-सीमा रू. 2.50 लाख प्रतिवर्ष, अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु आय-सीमा रू. 1.00 लाख प्रतिवर्ष, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थाई जाति प्रमाण पत्र, छ.ग. का मूल निवास प्रमाण पत्र, विद्यार्थी के अध्ययनरत पाठ्यक्रम के विगत वर्ष का परीक्षा परिणाम। 2. PFMS के माध्यम से आधार सीडेड बैंक खाते में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान किया जा रहा है। अत: सभी विद्यार्थी अपने सक्रिय एवं आधार सीडेड बैंक खाते की प्रविष्टि आनलाइन आवेदन करते समय सुनिश्चित करें। 3. वर्ष 2026-27 में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को NSP Portal से OTR (One Time Registration) प्राप्त करना आवश्यक है। इस हेतु राज्य छात्रवृत्ति पोर्टल में प्रदाय निर्देशों का अवलोकन किया जा सकता है। 4. वर्ष 2026-27 में नवीन संस्था के संस्था प्रमुख (HoI) एवं संस्था के छात्रवृत्ति प्रभारी (INO) का biometric-authentication किया जाना अनिवार्य है।

**आयुक्त**
**आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास**
**नवा रायपुर (छ.ग.)**

जी. 262701590/2



### कार्यालय प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग, निर्माण भवन, नवा रायपुर अटल नगर, जिला रायपुर (छ.ग.)

ज्ञाप क्र. प्र.अ./441101006/2026-27/पर्य
रायपुर दिनांक 19/06/2026

**संशोधित सूचना**

लोक निर्माण विभाग अंतर्गत निर्माण कार्य की गुणवत्ता एवं भौतिक प्रगति में आम नागरिकों की सहभागिता एवं प्रतिक्रिया प्राप्त करने के लिए मोबाईल एप तैयार किया जाना है। डेवलपमेंट हेतु इच्छुक फर्म/कंपनी/व्यक्ति दिनांक 03.07.2026 को प्रेजेनटेंशन (हार्ड कापी एवं साफ्ट कापी) के साथ कार्यालयीन समय 11.00 बजे कार्यालय प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग, निर्माण भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर, अटल नगर, में प्रस्तुत करें।

कार्यालय की आवश्यकता, पात्रता एवं निर्धारित शर्तों की जानकारी कार्यालय से कार्यालयीन अवधि में दिनांक 30.06.2026 तक प्राप्त की जा सकती है।

**मुख्य अभियंता (प्रशासन)**
**कार्यालय प्रमुख अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर,**
**अटल नगर (छ.ग.)**

जी-262701605/2



### कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग छत्तीसगढ़ शिवनाथ-भवन, नार्थ ब्लाक सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला-रायपुर

**सूचना**

**जल संसाधन विभाग में तृतीय श्रेणी तकनीकी (अकार्यपालिक) सहायक मानचित्रकार (सिविल) के पदों पर नियुक्ति हेतु दस्तावेजों का सत्यापन**

जल संसाधन विभाग में तृतीय श्रेणी तकनीकी (अकार्यपालिक) सहायक मानचित्रकार (सिविल) के पदों पर भर्ती हेतु छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, नवा रायपुर, अटल नगर जिला-रायपुर द्वारा दिनांक 15.03.2026 को लिखित चयन परीक्षा आयोजित की गई जिसका परीक्षा परिणाम दिनांक 08.04.2026 को घोषित किया गया है। परीक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात मेरिट आधार पर परीक्षा उत्तीर्ण किये गये अभ्यर्थियों के मूल दस्तावेजों का सत्यापन दिनांक 09.07.2026 को सुबह 11.00 बजे से कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, शिवनाथ भवन, नार्थ ब्लॉक सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर में किया जाएगा। दस्तावेजों के सत्यापन के संबंध में विस्तृत विवरण विभागीय वेबसाईट में http://www.cgwrd.in पर देखा जा सकता है।

**प्रमुख अभियंता**
**जल संसाधन विभाग, छत्तीसगढ़**
**नवा रायपुर, अटल नगर**

जी. 262701604/3



### छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संभाग महासमुंद

**निविदा आमंत्रण सूचना**

विज्ञापन क्रमांक- 111

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, संभाग महासमुंद अंतर्गत अटल विहार योजनांतर्गत अर्जुनी जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा में बोरवेल खनन कार्य हेतु ऑफलाईन निविदा एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारो से आमंत्रित की जाती है। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना मण्डल वेबसाईट http://cghb.gov.in में उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु कार्यपालन अभियंता, संभाग-महासमुंद के मोबाईल नं. 76971-92220 पर संपर्क करें।

संवाद-48212 **कार्यपालन अभियंता**



### कार्यालय नगर पालिका परिषद मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

क्र.343/न.पा./ लो.नि.वि./2026-27 मुंगेली, दिनांक 19/06/2026

**-: द्वितीय मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना :-**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से 15 वें वित्त मद अंतर्गत पी.डब्ल्यू.डी. रोड एस.ओ.आर. 01.01.2015 से वर्तमान दिनांक तक प्रभावशील दर अनुसूची अनुसार कम, बराबर या अधिक प्रतिशत दर पर निविदा प्रपत्र (अ) में रिस्क एण्ड कास्ट में समस्त कर सहित दिनांक 05.07 2026 समय सायं 4:00 बजे तक मैन्युअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का नाम | अनु. लागत राशि लाख में | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | अवधि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 20 राकेश पात्रे के घर से राजेश खाण्डे/ विद्युत कार्यालय के पीछे सी.सी. सड़क व आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 6.74 | 5055 | 750 | 03 माह | सक्षम श्रेणी |

टीप :-1. निविदा के संबंध में नियम एवं शर्ते कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में देखी जा सकती है। 2. विस्तृत नियम एवं शर्ते विभागीय वेबसाईट www.cg.uad.gov.in में देखी जा सकती है एवं निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाईट से डाउलोड कर व भर कर निर्धारित तिथि तक स्पीड पोस्ट या रजिस्टर्ड डॉक के माध्यम से प्रस्तुत करना होगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद मुंगेली**



### कार्यालय नगर पंचायत मल्हार, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
फोन नं. 07752-273990 E-mail: cmo_malhar@rediffmail.com

क्र./643/निविदा/न.पं./2026-27 मल्हार, दिनांक 18/06/2026

**// द्वितीय ऑनलाईन निविदा सूचना //**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा फार्म 'B' में प्रतिशत दर में कम/एस.ओ.आर. दर/अधिक निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु द्वितीय ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| सिस्टम टेण्डर नम्बर | कार्य का विवरण | ई-निविदा प्रारंभ की तिथि | ई-निविदा की अंतिम तिथि | निविदा दस्तावेज प्राप्त एवं परीक्षण तिथि | ई-निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 193677 | स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 अन्तर्गत सुखे एवं गीले कचरे के प्रबंधन हेतु प्रस्संकरण संयत्रों की स्थापना तथा स्थापित संयंत्रों के उन्नयन कार्य। (27.41 लाख) | 18.06.2026 17:30 | 03.07.2026 17:30 | 07.07.2026 16:00 | 07.07.2026 17:30 |

**टीप:-** (1) यह जानकारी www.cg.uad.gov.in एवं https://eproc.cgstate.gov.in में देखी जा सकती हैं। (2) उपरोक्त कार्यो की निविदा शर्तें / विस्तृत द्वितीय ई-निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण विभाग शाखा में / ऑनलाईन अवलोकन किया जा सकता हैं। (3) अवकाश होने की स्थिति में आगामी कार्यालयीन दिवस में कार्य किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत मल्हार**



### कार्यालय नगर पंचायत पथरिया, जिला- मुंगेली (छ.ग.)
EMAIL ID - nppatharia13@gmail.com

क्रमांक 227 / लो.नि.वि./ न.पं. / 2026-27 पथरिया, दिनांक 11/06/2026

**द्वितीय ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना**

http//eproc.cgstate.gov.in UAD portal:http/Uadcgeprocurement.govt.in

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी D & Above के पंजीकृत ठेकेदारों से नगर पंचायत पथरिया के निम्नलिखित कार्यो का ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

SOR - Build/Road SOR 01.01.2015, Elecrical/PHE SOR 01.06.2020, NON SOR

| क्र. | टेंडर क्रमांक | कार्य का नाम | राशि (लाख में) | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 193163 | वार्ड क्रमांक 09 में मुक्तिधाम निर्माण कार्य | 37.90 | 28425.00 |
| 2 | 193155 | प्रसंस्करण संयंत्र की स्थापना एवं उन्नयन कार्य | 28.37 | 14185.00 |

उपरोक्त निविदा की विस्तृत शर्ते / निविदा विज्ञप्ति/निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में एवं विभागीय वेबसाईड eproc.cgstate.gov.in व eproc.cgstate.gov.in से देखी जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत पथरिया, जिला- मुंगेली (छ.ग.)**



### छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
### कार्यालय कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग, कुनकुरी (छ.ग.)

**ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना**
**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

निम्नलिखित कार्यो के लिये दिनांक 08.07.2026, (17.30 बजे) तक ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

| सिस्टम निविदा क्रमांक | निविदा सूचना क्रमांक एवं दिनांक | कार्य का नाम | निविदा की अनुमानित लागत जी.एस.टी. छोड़कर (लाख में) | आमंत्रण का क्रमांक |
|---|---|---|---|---|
| 193540 | 04/व.ले.लि / 2026-27 दिनांक 17.06.2026 | केराकछार जलाशय योजना के नहरों में 08 नग संरचनाओं का निर्माण एवं पुनर्निर्माण, केनाल बैंक प्रोटेक्शन कार्य, मुख्य तथा माईनर नहरो में सी.सी. लाईनिंग कार्य एवं मुख्य एवं शाखा नहरों को रिसेक्सनिंग कार्य। | 457.41 | प्रथम आमंत्रण |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 24.06.2026, समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है। नोट: 1. निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है। 2. निविदा की अनुमानित लागत एस.ओ.आर. दिनांक 01.08.2010 एवं दिनांक 01.08.2022 के जारी संशोधन के अनुसार है।

**कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग, कुनकुरी (छ.ग.)**
**कृते मुख्य अभियंता हसदेव गंगा कछार जल संसाधन विभाग, अंबिकापुर, (छ.ग.)**

जी. 262701576/3



### कार्यालय कलेक्टर जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

क्रमांक/2052/भू-अर्जन/2025 **सार्वजनिक सूचना** सारंगढ़, दिनांक 18/06/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आपसी सहमती से भूमि क्रय नीति 2016 के तहत "बोरिदा से टेंगागुड़ी तोरा पहुंच मार्ग लंबाई 3.50 कि.मी. निर्माण कार्य" में प्रभावित ग्राम बोरिदा, प.ह.नं.-14 तहसील सरिया जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ (छ.ग.) के निम्नलिखित भू-धारकों की भूमि की आवश्यकता होने के कारण कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग सारंगढ़ संभाग सारंगढ़ के पक्ष में क्रय किये जाने पर विचार किया जा रहा है :-

| क्र. | भू-धारक का नाम | खसरा नंबर | कुल धारित रकबा (हे.मे.) | अर्जित भूमि का रकबा (हे.मे.) | भूमि का किस्म |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कुबेर पिता युधिष्ठिर, सनातन पिता जयदेव | 259/1 | 0.052 | 0.021 | सिंचित |
| 2 | भागीरथी पिता हीराधर पार्वती सफेद पिता हीराधर जगदीश पिता पुसो | 262/1 | 0.049 | 0.014 | सिंचित |
| 3 | भोला पिता इन्द्रो | 262/3<br>262/4 | 0.239<br>0.344 | 0.048<br>0.072 | असिंचित<br>सिंचित |
| 4 | फकीरो पिता टीकाराम | 258/6 | 0.162 | 0.010 | सिंचित |
| 5 | बुद्धेश्वर पिता गिरधारी शशिभूषण पिता गिरधारी पार्वती पति गिरधारी | 258/5 | 0.162 | 0.032 | सिंचित |
| 6 | परदेशी गजपति उतरा बाली पिता लछमन | 265/1 | 0.081 | 0.023 | सिंचित |
| | योग : | 07 | 1.089 | 0.220 | |

उपरोक्त दर्शित भूमि के स्वत्व के विषय में किसी को कोई आपत्ति हो, तो वह सूचना प्रकाशन तिथि से 15 (पन्द्रह) दिवस के भीतर स्वत: अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से आधार (साक्ष्य) सहित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सह भू-अर्जन अधिकारी सारंगढ़ के समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

जी-262701594/1 **कलेक्टर, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)**



### कार्यालय अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल, कांकेर
Email-sepwdkanker.2010@rediffmail.com/sc.kanker@nic.in, Fax No. 07868-224040

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित सड़क कार्य हेतु दिनॉक 30.06.2026 समय 17:30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | एन.आई.टी. नंबर | टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 35 | 193606 | ग्राम चिपरेल से साल्हेभाट मार्ग लंबाई 2.30 किमी (बचत कार्य) पुल-पुलिया सहित निर्माण कार्य। | 104.13 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञिप्त, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट बेव पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय बेवसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है।

नोट:- ठेकेदार का हॉट मिक्स प्लांट होना अनिवार्य

(निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइड पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा एवं निविदाकारों द्वारा प्रेषित मूल अभिलेख का लिफाफा में निविदाकारों का मोबाईल न: एवं ई-मेल आई.डी. का उल्लेख अनिवार्य रूप से करें।)

डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 30.06.2026 है।

नोट:- पंचम आमंत्रण

**अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, कांकेर**
**मण्डल कांकेर**

जी-262701589/3


## राशिफल

**मेष** — परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी।

**वृष** — कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। व्यर्थ की भागदौड़ बढ़ सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — लाभ में में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कर्क** — सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। मान-सम्मान बढ़ेगा। बातचीत में संतुलन बनाए रखें। वाणी में कठोरता का प्रभाव हो सकता है।

**सिंह** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव हो सकते हैं।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें।

**वृश्चिक** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यभार में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।


**धनु** — जीवनसाथी से नोकझोंक हो सकती है। कुटुम्ब में मान-सम्मान की प्राप्ति के योग हैं। लंबी यात्रा पर जाना हो सकता है। सुखद परिणाम मिलेंगे।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** — नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मान-सम्मान मिलेगा। शासन-सत्ता का सहयोग रहेगा। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ेगी। खर्च अधिक रहेंगे।


## शब्द पहेली - 6262



**बाएँ से दाए-**
1. सफल, उत्तीर्ण-4
5. ओस, रजनीजल-4
7. फरार होना, चंपत होना, पलायन करना-5
9. महीना, मास-2
10. साल का बारहवां भाग-2
13. पुचकारना-4
15. विष्णु, चक्रधारी-4
17. निरुत्तर होना-5
18. अपनत्व-5
20. असम के इस शहर को बादलों का घर कहा जाता हैं-4
23. निकृष्ट, अल्पतर-4
26. अंधकार-2
27. बुरा आदत-2
29. रसायन संबंधी-5
31. ब्राम्हण, सम्राट-4
32. गजानन, गणपति-4

**ऊपर से नीचे**
2. मां, आई, मदर-2
3. बारिश का गिरना-4
4. निर्माता, रचयिता-5
5. लज्जाना -4
6. मुलायम-2
8. उम्मीद-2
9. हार, जयमाल-2
11. हरे रंग का-2
12. वचन, प्रतिज्ञा-2
14. हैंडलूम, इस यंत्र पर धागों से बुनाई होती है-5
16. जनेऊ, उपनयन संस्कार-5
19. विलेन, नायक का विलोम-5
20. बादल-2
21. बुरी आदत-2
22. यम, मृत्यु का देवता-4
23. पानी के बहने की आवाज-2,2
24. वोट, अभिमत-2
28. इस जगह-2
30. कारावास, बंधन-2

**शब्द पहेली -6261 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6272

★★★✫☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6271 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

# व्हाटसऐप प्लस का सब्सक्रिप्शन भारत में लांच, हर महीने 79 रुपए में मिलेगी सर्विस

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

व्हाटसऐप अब तक पूरी तरह फ्री ऐप रहा है, लेकिन अब इसमें पहली बार एक पेड सब्सक्रिप्शन मॉडल आ गया है। कंपनी ने भारत में व्हाटसऐप प्लस नाम से नया प्लान रोलआउट करना शुरू किया है, जो एनराइड और आईओएस दोनों यूजर्स के लिए है।

- मेटा ने पहली बार एक पेड सब्सक्रिप्शन मॉडल लाया है

इस नए प्लान की कीमत भारत में 79 रुपए प्रति महीने रखी गई है। हालांकि शुरुआत में यूजर्स को पहला महीना फ्री ट्रायल के तौर पर मिल रहा है। यानी आप पहले इसे इस्तेमाल करके देख सकते हैं और उसके बाद तय कर सकते हैं कि यह आपके लिए जरूरी है या नहीं।

## व्हाटसऐप अब तक पूरी तरह फ्री ऐप रहा है

### अपनी पसंद के हिसाब से लुक बदल सकते हैं

इस प्लान के तहत यूजर्स को ऐप के लुक को बदलने का ऑप्शन मिलता है। इसमें करीब 18 नए कलर थीम्स दिए गए हैं, जिनमें अलग-अलग स्टाइल और कलर कॉम्बिनेशन शामिल हैं। इसके अलावा ऐप का आइकन भी बदला जा सकता है, जिसके लिए 14 नए डिजाइन दिए गए हैं। यानी व्हाटसऐप अब पहले जैसा दिखे, यह जरूरी नहीं है, आप इसे अपनी पसंद के हिसाब से बदल सकते हैं।




*फीचर अभी सभी यूजर्स तक नहीं पहुंचा : हालांकि यह भी ध्यान देने वाली बात है कि यह फीचर अभी सभी यूजर्स तक नहीं पहुंचा है। अगर आपको सब्सक्रिप्शन में व्हाटसऐप प्लस का ऑप्शन नहीं दिख रहा है, तो इसका मतलब है कि यह अभी आपके अकाउंट के लिए रोलआउट नहीं हुआ है। ऐसे में कुछ दिन इंतजार करना होगा।*

### 20 तक चैट्स को पिन कर सकते हैं

सिर्फ लुक ही नहीं, कुछ छोटे लेकिन काम के फीचर्स भी इसमें जोड़े गए हैं। जैसे यूजर्स को एक्सक्लूसिव रिंगटोन मिलती हैं, जो आम यूजर्स के पास नहीं होंगी। इसके साथ ही नए स्टिकर पैक भी दिए जाते हैं। एक और बदलाव यह है कि अब आप अपनी चैट लिस्ट में 20 तक चैट्स को पिन कर सकते हैं, जो पहले लिमिटेड थी। चैट को मैनेज करने के लिए भी कुछ एडिशनल कंट्रोल दिए गए हैं। यूजर्स अपनी चैट लिस्ट को अपने हिसाब से कस्टमाइज कर सकते हैं, जिससे ऐप का इस्तेमाल थोड़ा ज्यादा आसान और पर्सनल हो जाता है।

### एक तरह का कस्टमाइजेशन पैक

व्हाटसऐप प्लस को समझने के लिए यह जानना जरूरी है कि यह कोई बड़ा बदलाव नहीं लाता, बल्कि यह एक तरह का कस्टमाइजेशन पैक है। इसका मतलब यह है कि ऐप के बेसिक फीचर्स जैसे कॉलिंग, स्टेटस, मैसेजिंग और एंड-टू-एंड एनक्रिप्शन पहले जैसे ही रहेंगे और सभी यूजर्स के लिए फ्री रहेंगे। यह सब्सक्रिप्शन सिर्फ उन लोगों के लिए है जो व्हाटसऐप को थोड़ा अलग और पर्सनल तरीके से इस्तेमाल करना चाहते हैं।

## खबर संक्षेप

### अद्वित ज्वेल्स का आईपीओ 23 जून को निवेशकों के लिए खुलेगा



**नई दिल्ली।** आभूषण क्षेत्र की कंपनी अद्वित ज्वेल्स लिमिटेड का आईपीओ 23 जून को खुलेगा। कंपनी ने इस आईपीओ के लिए 130 से 138 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। यह आईपीओ पूरी तरह 1.19 करोड़ नए शेयरों के निर्गम पर आधारित है। इसके जरिये 165.15 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य है।

### रुपया छह पैसे की बढ़त के साथ 94.34 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** रुपया शुक्रवार को शुरुआती बढ़त खोते हुए अंत में छह पैसे मजबूत होकर 94.34 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। डॉलर में मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी ने निवेशकों की धारणा पर दबाव डाला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि रुपया शुरुआत में सकारात्मक रुख के साथ खुला था।

### सोसाइटी जनरल ने एंथम में हिस्सेदारी खरीदी




**नई दिल्ली।** सोसाइटी जनरल, प्रूडेंशियल हांगकांग और गिसालो कैपिटल मैनेजमेंट के नेतृत्व में वैश्विक निवेशकों ने एंथम बायोसाइंसेज के एक प्रवर्तक अरुणा गणेश से खुले बाजार के सौदों के जरिये कंपनी में कुल तीन प्रतिशत हिस्सेदारी 1,275 करोड़ रुपये में खरीदी। एनएसई पर 798.25 रुपये प्रति शेयर के स्तर पर लगभग स्थिर रहा।

### देश का विदेशी मुद्रा भंडार 9.98 अरब डॉलर घटा



**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 12 जून को समाप्त सप्ताह में 9.98 अरब डॉलर घटकर 671.62 अरब डॉलर रहा। आरबीआई ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 71.1 करोड़ डॉलर घटकर 681.61 अरब डॉलर रहा था।दिशी मुद्रा आस्तियां (एफसीए) 84.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 544.29 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में उतार-चढ़ाव का प्रभाव भी शामिल होता है। इस दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 10.75 अरब डॉलर घटकर 103.82 अरब डॉलर रह गया।

### अग्रवाल हिंडाल्को के तांबा कारोबार के सीईओ नियुक्त




**नई दिल्ली।** आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी हिंडाल्को इंडस्ट्रीज ने कपिल अग्रवाल को अपने तांबा कारोबार का मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ)(नामित) नियुक्त करने की घोषणा की। उनकी नियुक्ति एक नवंबर, 2026 से प्रभावी होगी। कंपनी ने यह नियुक्ति ऐसे समय में की है जब वैश्विक तांबा बाजार में बढ़ती मांग और आपूर्ति का दबाव बना हुआ है। ऊर्जा परिवर्तन एवं विद्युतीकरण के विस्तार के कारण तांबे की मांग में तेजी देखी जा रही है। कंपनी ने कहा कि वर्तमान प्रमुख रोहित पाठक का कार्यकाल पूरा होने के बाद एक मार्च, 2027 से तांबा कारोबार के सीईओ का पद अग्रवाल संभालेंगे।

## आरबीआई के एक लाख करोड़ रुपए के वीआरआर को सुस्त प्रतिक्रिया

# आरबीआई के वीआरआर नीलामी में बैंकों की मांग सुस्त, अधिशेष घटने से उत्साह नहीं

एजेंसी ⏭ मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की एक लाख करोड़ रुपये की तीन दिन की 'परिवर्ती दर रेपो' (वीआरआर) नीलामी को शुक्रवार को बैंकों की सुस्त प्रतिक्रिया मिली जो अल्पकालिक धन की सीमित आवश्यकता का संकेत देती है।

केंद्रीय बैंक को वीआरआर नीलामी में बैंकों से एक लाख करोड़ रुपये की अधिसूचित राशि के मुकाबले 16,750 करोड़ रुपये की बोलियां प्राप्त हुईं। आरबीआई ने नीलामी में पूरी राशि को 5.26 प्रतिशत की 'कट-ऑफ' और भारित औसत दर पर स्वीकार कर लिया। बैंकिंग प्रणाली में नकदी की स्थिति अधिशेष में बनी रही, हालांकि इसका स्तर अपेक्षाकृत कम रहा।

### अल्पाकालिक धन की मांग सीमित

वीआरआर नीलामी में कम भागीदारी यह संकेत देती है कि आरबीआई द्वारा परिवर्तनीय दर रेपो परिचालन के माध्यम से नकदी समर्थन दिए जाने के बावजूद बैंकों में अल्पकालिक धन की मांग सीमित रही।आरबीआई अल्पकालिक नकदी प्रबंधन और ओवरनाइट दरों को नीतिगत दर गलियारे के अनुरूप बनाए रखने के लिए वीआरआर नीलामियां आयोजित करता है।

### 18 जून को नकदी अधिशेष करीब 19,163 करोड़ रुपए रहा

आरबीआई के पास उपलब्ध नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, 18 जून तक प्रणाली में नकदी अधिशेष करीब 19,163.11 करोड़ रुपये रहा। पिछले दिन की तुलना में नकदी की स्थिति में मामूली सुधार हुआ, लेकिन यह अब भी कम स्तर पर बनी रही, जो बैंकिंग प्रणाली में अपेक्षाकृत सख्त परिस्थितियों को दर्शाती है।

- अल्पकालिक धन की सीमित आवश्यकता का संकेत
- अधिसूचित राशि के मुकाबले 16,750 करोड़ रुपए की बोलियां मिली
- नीलामी में पूरी राशि को 5.26 प्रतिशत को कट ऑफ पर स्वीकार किया गया




### अलग-अलग ब्याज दर पर बैंकों को पैसा उधार दिया जाता है

यह वीआरआर की व्यवस्था के तहत बैंकों को अलग-अलग ब्याज दरों पर बोली के जरिये पैसा उधार देता है। नकदी दबाव को कम करने और ओवरनाइट मनी मार्केट दरों को नियंत्रित रखने के लिए केंद्रीय बैंक ने पिछले कुछ दिनों में विभिन्न अवधियों की वीआरआर नीलामी के जरिए करीब 1.89 लाख करोड़ रुपये की अस्थायी नकदी डाली है।

### 18 जून को दो नीलामी की गई

आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, इसमें 18 जून को दो नीलामियों के जरिये 72,300 करोड़ रुपये, 16 जून को सात दिन की वीआरआर नीलामी के जरिए 89,440 करोड़ रुपये और 15 जून को ओवरनाइट नीलामी के जरिये डाले गए 28,220 करोड़ रुपये शामिल हैं।

### मुद्रास्फीति के व्यापक फैलाव को लेकर रहना होगा सतर्क

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने महीने की शुरुआत में मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के दौरान आने वाले समय में मुद्रास्फीति के व्यापक फैलाव को लेकर सतर्क रहने की जरूरत बतायी। मल्होत्रा ने नीतिगत ब्याज दरों को स्थिर रखने के पक्ष में मतदान करते हुए यह बात कही थी।

### रेपो दर 5.25 फीसदी पर रखने का फैसला

आरबीआई ने तीन से पांच जून के बीच हुई एमपीसी बैठक की कार्यवाही का ब्योरा शुक्रवार को जारी किया। समिति के अन्य पांचों सदस्यों ने भी नीतिगत रेपो दर को अपरिवर्तित रखने के पक्ष में मतदान किया था। एमपीसी ने रेपो दर को 5.25 प्रतिशत पर स्थिर रखने का फैसला किया था।

### विदेशी पूंजी आकर्षित करने कई कदम घोषित

बैठक के दौरान पश्चिम एशिया में लंबे समय से जारी संघर्ष के कारण वृद्धि और महंगाई पर बढ़ते जोखिमों के बीच विदेशी पूंजी आकर्षित करने और रुपये को समर्थन देने के लिए कई कदमों की घोषणा की गई थी। ब्योरे के मुताबिक, एमपीसी बैठक के दौरान मल्होत्रा ने कहा कि महंगाई और वृद्धि के अनुमानों को लेकर अनिश्चितता अधिक है।

# सोना 2,840 रुपए टूटा, चांदी भी 8,040 रुपए फिसली

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- सोना टूटकर 1.5 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया
- चांदी की कीमत लुढ़कर 2.4 लाख रुपए प्रति किलोग्राम


राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत में लगातार चौथे दिन गिरावट जारी रही और यह 2,840 रुपये टूटकर 1.5 लाख प्रति 10 ग्राम पर आ गयी। वहीं, चांदी की कीमत 8,040 रुपये लुढ़क कर 2.4 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के दो महीने से अधिक के निचले स्तर पर रही। मुख्य रूप से डॉलर के मजबूत होने से कीमती धातुओं में बिकवाली हुई है। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,840 टूटकर 1,50,600 प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर रही। बृहस्पतिवार को यह 1,53,440 रुपये प्रति 10 ग्राम पर थी। चांदी में भी बड़ी गिरावट देखी गई और यह 8,040 रुपये टूटकर 2,40,700 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गयी।

### अंतरराष्ट्रीय बाजार में सराफा फिसला

यह हाल की गिरावट इस साल की शुरुआत में देखे गए रिकॉर्ड उच्च स्तर से एक बड़ा बदलाव है और सोना अब लगातार तीसरे सप्ताह गिरावट की ओर बढ़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोने की कीमत 60.70 डॉलर यानी 1.44 प्रतिशत टूटकर 4,148.45 डॉलर प्रति औंस जबकि चांदी की कीमत 1.51 प्रतिशत टूटकर 64.73 डॉलर प्रति औंस रही।

# रहेजा ग्रुप के अल्ट्रा-लग्ज़री प्रोजेक्ट 'रहेजा अवाना' के अल्ट्रा-मॉडर्न 'एक्सपीरियंस सेंटर' का कल होगा भव्य शुभारंभ

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के रियल एस्टेट जगत में एक अभूतपूर्व अध्याय जुड़ने जा रहा है। दशकों से भरोसे और क्वालिटी के साथ एक्सीलेंस और एलिगेंस का पर्याय बन चुके 'रहेजा ग्रुप' ने अपने सबसे महत्वकांक्षी और अल्ट्रा-लग्ज़री प्रोजेक्ट 'रहेजा अवाना' की घोषणा कर दी है। इसी कड़ी में, इस बेमिसाल प्रोजेक्ट के बहुप्रतीक्षित 'एक्सपीरियंस सेंटर' का कल भव्य शुभारंभ होने जा रहा है। कचना मेन रोड पर स्थित इस एक्सपीरियंस सेंटर के दरवाज़े कल से उन पारखी लोगों के लिए खुल जाएंगे, जो सुकून भरी लग्ज़री यानि 'साइलेंट लग्ज़री' की कद्र करते हैं।



इस बात का अहसास है कि 'साइलेंट लग्ज़री' में आपके सपनों का घर होने पर कैसा महसूस करेंगे।

### एक्सपीरियंस सेंटर: लग्ज़री के हर पहलू की झलक

रहेजा अवाना का नया 'एक्सपीरियंस सेंटर' कोई साधारण सेल्स ऑफिस नहीं है, बल्कि इसे एक मास्टरपीस आर्टिफेक्ट की तरह गढ़ा गया है। यह सेंटर ग्राहकों को प्रोजेक्ट की भव्यता का एक ऐसा स्पष्ट और जीवंत अनुभव देगा, जो शब्दों से परे है।

**आर्किटेक्चरल डिस्प्ले:** यहाँ कदम रखते ही आप मॉडर्न स्पेस प्लानिंग और आर्किटेक्चरल लेआउट की बारीकियों को महसूस कर सकेंगे।

**इमर्सिव विज़न:** यह सिर्फ एक मॉडल नहीं है, बल्कि

### सेंट्रल इंडिया में पहली बार: एंडी फिशर (सिंगापुर) का जादुई आर्किटेक्चर

'रहेजा अवाना' को जो बात पूरे मध्य भारत में सबसे अलग और खास बनाती है, वह है इसका वर्ल्ड-क्लास डिज़ाइन। इस मास्टरपीस को एशिया के सबसे प्रतिष्ठित और दिग्गज लग्ज़री आर्किटेक्ट्स में से एक, सिंगापुर के एंडी फिशर ने डिज़ाइन किया है।

**मेट्रो शहरों से आगे की सोच:** अब तक एंडी फिशर जैसे अंतरराष्ट्रीय स्तर के आर्किटेक्ट्स की सेवाएं केवल मुंबई, दिल्ली या बेंगलुरु जैसे महानगरों के एलीट प्रोजेक्ट्स तक ही सीमित थीं।

# शुद्ध आयकर संग्रह 17 जून तक 15 प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

चालू वित्त वर्ष में एक अप्रैल से 17 जून के दौरान शुद्ध आयकर संग्रह 14.64 प्रतिशत बढ़कर 5.21 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। चालू वित्त वर्ष में अब तक शुद्ध कंपनी कर संग्रह 22 प्रतिशत बढ़कर 2.08 लाख करोड़ रुपये हो गया जबकि शुद्ध गैर-कंपनी कर संग्रह आठ प्रतिशत बढ़कर लगभग 2.94 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

आंकड़ों के अनुसार, प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) संग्रह 45 प्रतिशत बढ़कर 18,856 करोड़ रुपये रहा। अग्रिम कर संग्रह 15.30 प्रतिशत बढ़कर 1.78 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। कंपनियों से प्राप्त अग्रिम कर 16 प्रतिशत बढ़कर 1.40 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया जबकि गैर-कंपनी अग्रिम कर 13 प्रतिशत की बढ़त के साथ 37,620 करोड़ रुपये रहा। आंकड़ों के मुताबिक, 17 मई तक 89,026 करोड़ रुपये के रिफंड जारी किए गए, जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 1.19 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। सकल आधार पर प्रत्यक्ष कर संग्रह 12.46 प्रतिशत बढ़कर 6.10 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। इसमें 2.76 लाख करोड़ रुपये से अधिक का कंपनी कर और लगभग 3.15 लाख करोड़ रुपये का गैर-कंपनी कर संग्रह शामिल है। सरकार ने चालू वित्त वर्ष में प्रत्यक्ष करों से 26.97 लाख करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा है।

### एयरटेल के वत्स 2026-27 के लिए सीओएआई के चेयरमैन बने

**नई दिल्ली।** सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) ने वर्ष 2026-27 के लिए अपनी नेतृत्व टीम की घोषणा की, जिसमें भारती एयरटेल के समूह प्रमुख नियामक अधिकारी और निदेशक (निगमित मामले) राहुल वत्स को नया चेयरमैन चुना गया। वत्स, वोडाफोन आइडिया के अभिजीत किशोर की जगह सीओएआई की कमान संभालेंगे। जिन्होंने वर्ष 2025-26 के लिए दूरसंचार कंपनियों की इस संस्था के चेयरमैन के तौर पर काम किया था। इसके अलावा, रिलायंस जियो इन्फोकॉम के मुख्य नियामक अधिकारी, रवि गांधी सीओएआई के उपाध्यक्ष के तौर पर काम करेंगे।


**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार कोरबा जिला कोरबा (छ०ग०)**

**राजस्व मामले में नोटिस**

क्रमांक/1008/वाचक/अति०तह०/
कोरबा दिनांक 18/06/2026
प्रति
01. तिरीथ कुवर उम्र लगभग 70 साल पति अस्थिर, जाति सतनामी निवासी ग्राम बेलटुकरी जिला कोरबा
02. बिरिच कुंवर उर्फ राम कुवर उम्र लगभग 60 साल पति मनजीत राम जाति सतनामी निवासी ग्राम सेरो तहसील डभरा जिला जांजगीर-चाम्पा (छ०ग०)

आवेदकगण चम्पालाल पिता स्व. तिरिथ राम वगै० जाति सतनामी निवासी पताढ़ी तह० व जिला कोरबा ग्राम पताढ़ी स्थित भूमि रकबा क्रमशः 21.32, 4.81, 3.81 एकड़ एवं ग्राम खोडडल स्थित रकबा कमशः 4.80, 3.14 एकड़ तथा ग्राम पहन्दा स्थित रकबा 4.87 एकड़ को अपर जिला न्यायाधीश (एफ.टी.सी.) जिला कोरबा के सिविल अपील प्रकरण क्रमांक 40ए/2013 निर्णय दिनांक 20.03.2019 अनुसार प्रतिवादी क्रमांक 07 एवं 08 का नाम काटे जाने बाबत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अतः आप नियत दिनांक 22/06/2026 को प्रातः 11:00 बजे इस न्यायालय में भूमि से संबंधित समस्त दस्तावेज सहित उपस्थित होकर अपना जवाब प्रस्तुत करे। आपके द्वारा उक्त नियत दिनांक को उपस्थित होकर जवाब पेश नहीं करने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जावेगी। जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी आपकी होगी।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**कोरबा जिला (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)**

क्रमांक 1281 / न.पा.नि. /लोनिवि/26-27 अम्बिकापुर दिनांक 19/06/2026

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर द्वारा सुभाषनगर सब्जी मण्डी में दुकान निर्माण कार्य (ब्लॉक A&B) हेतु क्रमश: राशि रूपये 174.25 लाख एवं रूपये 173.42 लाख की (System Tender No. 193584 & 193587) ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की गई है।

विस्तृत निविदा सूचना छ.ग. शासन के ई- प्रोक्यूरमेंट पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in & https://uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर**

**CHHATTISGARH STATE POWER TRANS. CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh undertaking) (A successor company of CSEB)
CIN- U40108CT2003SGCO15820 / GSTIN-22AADCC5773E1ZX
O/o Chief Engineer (Store & Purchase) 3rd Floor, SLDC Building, Danganiya, Raipur(C.G.)-492013
Website- www.cspc.co.in Email- k.patre@cspc.co.in Phone-0771-2574240/36/4002 Fax-0771-2574246

No.02-16/SE(S&P)/TR-26/S&P/08/0452 Raipur, Dtd.-18.06.2026

**E-PROCUREMENT TENDER NOTICE**

Online tenders are invited for supply of following materials:

| Sl No. | Tender No. | Particulars | Qty | Cost of tender doc. (Rs.) including 18%GST | EMD (Rs.) | Due date of submission |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | TR-26/S&P/08 RFx No-8100052332 | Supply of GI Nut Bolts of assorted sizes & washers | 74.431 MT | 5000/- | 1,06,050/- | 09/07/2026 (15.00 Hrs.) |

For all other details of NIT and terms & conditions, please visit our web site www.cspc.co.in.

SAVE ELECTRICITY

Chief Engineer (S&P)
CSPTCL : Raipur

**कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)**
**ई-प्रोक्योरमेंट प्रथम निविदा सूचना**

क्र./11/न.पा.नि./जोन क्र.01/2026 सकरी, दिनांक 19/06/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 193763 | सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। (महामाया के पास) वार्ड क्र. 02 सकरी (प्रभारी मंत्री मद CG PWD BUILDING SOR 01.01.2015/CG PWD ELECTRICAL SOR 01.06.2020) | 10.00 | 17. 07. 2026 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से दिनांक 23/06/2026 सायंकाल में 05:31 बजे के पश्चात् प्राप्त की जा सकती है।

Green City, Clean City, Dream City.

कार्यपालन अभियंता, जोन क्र.01 सकरी
नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)

पीएम श्री स्कूल
**जवाहर नवोदय विद्यालय, सुपगांव,**
जिला: नारायणपुर, छत्तीसगढ़, पिन-494661
फ़ोन नंबर: 9989989146, 8770056115
PM SHRI
SCAN FOR TENDER FORMS

F.NO./JNV/NPR/2026-27/398 DATE: 18/06/2026

**द्वितीय निविदा अधिसूचना**

सत्र 2026-27 के दौरान पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय नारायणपुर (छ.ग.) हेतु विभिन्न भण्डार सामग्रियों की आपूर्ति जैसे बिस्तर, बेकरी सामग्री, स्टेशनरी आदि एवं वाहन किराए पर संलग्न करने के लिए अधिकृत पंजीकृत डीलर/ निर्माता/ आपूर्तिकर्ता/कंपनियों से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र दस्तावेज रु.500/- प्रति सेट के हिसाब से विद्यालय के कार्यालय से दिनांक 16/06/26 से दिनांक 01/07/26 पूर्वाह्न 11:00 बजे तक विद्यालय से नियत तिथि के भीतर कार्यालयीन दिवस में खरीदा जा सकता है। इसके अलावा, संबंधित विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट https://navodaya.gov.in/nvs/nvs-school/Narayanpur/en/Tender/Tender-Forms/ अथवा एन.आई.सी. की वेबसाइट से भी डाउनलोड किया जा सकता है। हालाँकि, निविदा प्रपत्र जमा करते समय, निविदा प्रपत्र की लागत के रूप में प्राचार्य ज.न.वि. नारायणपुर के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के रूप में प्रति सेट रु.500/- की राशि जमा करनी होगी। पूर्ण रूप से सीलबंद निविदाएं मय अर्नेस्ट मनी का डिमांड ड्राफ्ट (प्राचार्य ज.न.वि नारायणपुर के पक्ष में), प्राचार्य ज.न.वि. के कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 01/07/26 अपराह्न 01:00 बजे तक होगी। सिलबंध निविदाएं भौतिक रूप से या पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा भी भेजा जा सकता है। निर्धारित तिथि/समय के बाद प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा। निविदाएं विद्यालय द्वारा दिनांक 01/07/26 को अपराह्न 03:00 बजे सलाहकार समिति द्वारा प्राचार्य के कार्यालय कक्ष में खोली जाएंगी।

प्राचार्य

**कार्यालय नगर पंचायत पाण्डातराई, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

क्र./896/न.पं./लो.नि.वि./ 2026-27 पाण्डातराई, दिनांक 18/06/2026

**ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पंचायत पाण्डातराई द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मो से अधोसंरचना मद अंतर्गत निम्न कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्र. | सिस्टम नम्बर | विवरण | अनुमानित राशि (लाख में) | निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 193688 | न.पं. पाण्डातराई में सर्व सुविधायुक्त मंगल भवन निर्माण | 79.01 | 08/07/2026 |
| 2 | 193689 | न.पं. पाण्डातराई में स्थित मुक्तिधाम को रेनोवेशन | 19.61 | |

शर्ते :- उपरोक्त कार्यो हेतु नियम एवं शर्ते, अमानत राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन समय मे कार्यालय के संबंधित विभाग से प्राप्त की जा सकती हैं साथ ही उक्त जानकारी विभागीय वेबसाईट http//cgeproc.cgstate.gov.in व www.uad.cg.gov.in से अवलोकन किया जा सकता हैं तथा किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना विभागीय वेबसाईट में अपलोड की जावेगी, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत पाण्डातराई
जिला कबीरधाम (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पंचायत जनकपुर**
**जिला-मनेन्द्रगढ़, चिरमिरी, भरतपुर (छ.ग.)**
G-mail-janakpurnagarpanchayat@gmail.com

क्र./268/न.पं./2026-27 जनकपुर दिनांक 19/06/2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत निविदाकार से निम्नलिखित कार्य हेतु मैन्युअल पद्धति द्वारा अमांत्रित की जाती है:-

| स. क्र. | कार्य का नाम | अनु. लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर डाक द्वारा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 01 | CG. P.W.D. भवन S.O.R. (20.04.2026) पर छोटे-छोटे निर्माण/मरम्मत कार्य। | 10.00 | 13/07/2026 |
| 02 | CG. P.W.D. सड़क S.O.R. (20.04.2026) पर छोटे-छोटे निर्माण/मरम्मत कार्य। | 10.00 | |
| 03 | CG. P.W.D. E&M S.O.R. (10.04.2026) पर छोटे-छोटे निर्माण/मरम्मत कार्य। | 10.00 | |
| 04 | CG. P.H.E. S.O.R. (2020) पर छोटे-छोटे निर्माण/मरम्मत कार्य। | 10.00 | |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in पर अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत जनकपुर, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### सोशल मीडिया बना ....

**जांच का अहम बिंदु बना चाकू**

तिल्दा टीआई रमाकांत तिवारी के अनुसार पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि घटना में इस्तेमाल किया गया चाकू सबसे पहले किसके पास था और विवाद ने किन परिस्थितियों में हिंसक रूप लिया। घायल छात्र अभी बयान देने की स्थिति में नहीं है। छात्र के ठीक होने पर पुलिस उसका बयान दर्ज करेगी। इसके बाद घटनाक्रम की सही जानकारी दे पाने की बात पुलिस कह रही है।

### साथी को मारने ....

लहूलुहान हो गए। स्थानीय लोगों और परिजनों ने दोनों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। उपचार के दौरान अमन की मौत हो गई, जबकि घायल छात्र की हालत गंभीर बताई जा रही है और उसका इलाज जारी है। सीने में चाकू लगने से अमन की मौत हुई है। वहीं दूसरे के गर्दन में चाकू लगा है।

### एक्सपर्ट व्यू ...

सामाजिक के साथ पारिवारिक निकटता कम होती जा रही है, इस कारण बच्चे सही गलत का निर्णय नहीं ले पा रहे।
- डॉ. अविनाश शुक्ला, मनोचिकित्सक, स्पर्श क्लिनिक जिला अस्पताल

### टेलीग्राम पर बैन ...

रहा है कि आरोपी अमेरिकी वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क यानी वीपीएन का इस्तेमाल कर टेलीग्राम चला रहा था और उसके चैनल का नाम पेपर माफिया रखा गया था। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार छात्र की पहचान आकाश चौधरी के रूप में हुई है। वह भीलवाड़ा के पटेल नगर क्षेत्र का रहने वाला है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि आरोपी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टेलीग्राम के जरिए छात्रों को परीक्षा से पहले प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने का दावा कर रहा था। जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि उसके पास कोई वास्तविक पेपर था या वह केवल छात्रों से पैसे ऐंठने के लिए फर्जीवाड़ा कर रहा था।

### नीट स्टूडेंट ने ....

ने कहा- 'बेटी अवंतिका तीन बार नीट दे चुकी थी। पिछली बार रिजल्ट नहीं आने से डिप्रेशन में थी। उसने सुसाइड किया है।' पुलिस के मुताबिक, अवंतिका मौर्य धाकड़ कॉलोनी की एक निजी बिल्डिंग के फर्स्ट फ्लोर पर बड़ी बहन डॉ. सपना मौर्य के साथ रह रही थी। डॉ. सपना ने बताया कि अवंतिका 3 बार नीट का एक्जाम पास नहीं कर पाई थी।

### नीट री एग्जाम ....

पहनकर आने की अनुमति नहीं होगी। छात्रों को सलाह दी गई है कि वे साधारण चप्पल या कम हील वाले फुटवियर पहनकर ही आएं। हाई-हील्स पहनने वाले छात्रों की अलग से और ज्यादा चेकिंग की जा सकती है।

### 22 जून तक ....

सुनाते हुए टेलीग्राम को बड़ा झटका दिया है। गौरतलब है टेलीग्राम पर अस्थायी रोक केवल परीक्षा अवधि के दौरान फर्जी पेपर लीक, ऑनलाइन ठगी और दुष्प्रचार को रोकने के लिए उठाया गया है।

### सरकार के मंत्री ....

सरकार इसे केवल एक औपचारिक बैठक के रूप में नहीं, बल्कि शासन-प्रशासन की कार्य संस्कृति में सुधार और निर्णय प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने की पहल के तौर पर देख रही है। बदलते प्रशासनिक और तकनीकी परिवेश में मंत्रियों को आधुनिक प्रबंधन, नीति निर्माण और परिणाम आधारित कार्यप्रणाली से जोड़ने पर इस बार विशेष जोर रहेगा।

**सुशासन, तकनीक आधारित प्रशासन तक होगी चर्चा**-सूत्रों के मुताबिक शिविर में देश के विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ मंत्रियों के साथ संवाद करेंगे। इनमें प्रशासनिक प्रबंधन, सुशासन, सार्वजनिक नीति, तकनीकी नवाचार, जनसेवा और विकास प्रशासन जैसे विषय शामिल होंगे। चर्चा का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी होगा कि शासन व्यवस्था को किस तरह अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और तकनीक आधारित बनाया जाए। डिजिटल प्रशासन, सेवा वितरण की दक्षता और योजनाओं की निगरानी के आधुनिक तरीकों पर भी विचार-विमर्श होने की संभावना है।

### विभागों के बीच ....

चुनौतियों और प्रशासनिक सुधारों पर व्यापक चर्चा की जाएगी। विकास योजनाओं की सफलता केवल बजट और घोषणाओं पर निर्भर नहीं करती, बल्कि विभिन्न विभागों के बीच प्रभावी समन्वय भी उतना ही महत्वपूर्ण होता है। ऐसे में यह शिविर प्रशासनिक तंत्र की कार्यक्षमता बढ़ाने का मंच बन सकता है।

### चंपत राय और ट्रस्टी ....

जबकि स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के ब्रांच मैनेजर और पहले के ब्रांच मैनेजर को बुलाकर उनसे भी पूछताछ की है। टीम करीब 10 घंटे तक मंदिर परिसर में रही। ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र से करीब 4 घंटे तक पूछताछ की। टीम ने अनिल मिश्र से राम मंदिर दान की रकम की गिनती और रख-रखाव समेत इसे बैंक में जमा करने की प्रकिया जानी। इसमें उनकी भूमिका के बारे में विस्तार से समझा।अनुकल्प मिश्र और लवकुश मिश्र आदि की नियुक्ति की प्रकिया और उसमें अनिल मिश्र की भूमिका को भी समझा। अनिल मिश्र से पूछताछ के बाद टीम ने टिन्नू यादव को बुलाया। करीब डेढ़ घंटे तक पूछताछ की। अनिल के बताए गए जवाब पर टिन्नू यादव की राय लेकर क्रॉस चेक किया।

### 'पैदल चलना मौलिक अधिकार'...

भाग III के तहत एक मौलिक अधिकार है। यह संविधान के आर्टिकल 19(1)(**d**) के साथ-साथ आर्टिकल 19(1)(**a**), 19(1)(**b**), 19(1)(**c**) और आर्टिकल 21 में दिए गए आने-जाने की आजादी के अधिकार का एक अहम हिस्सा है। पैदल चलने के मौलिक अधिकार में तय फुटपाथ का अधिकार भी शामिल होगा। ये अधिकार प्राथमिक हैं और इन्हें मोटर वाले वाहनों से आने-जाने की तुलना में प्राथमिकता दी जाएगी।'

**मुआवजे की रकम कम करना गलती** -30 मई 2016 को मोटर एक्सीडेंट क्लेम्स ट्रिब्यूनल (एमएसीटी) ने 7.82 लाख रुपये का मुआवजा और उस पर सालाना छह प्रतिशत ब्याज देने का आदेश दिया। बीमा कंपनी की अपील के बाद हाईकोर्ट ने मुआवजे की रकम घटाकर 4.70 लाख रुपये कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने माना कि हाईकोर्ट ने एमएसीटी द्वारा दिए गए मुआवजे को कम करने में गलती की है। इसलिए बेंच ने मुआवजे की रकम बढ़ाकर 11,44,628 रुपये कर दी और दो माह के अंदर राशि चुकाने का निर्देश दिया।

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • बांझपन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756



शिव एम्ब्रोकेशन ऑयल
रजि नं. 1721362 कापीराईट नं. 88763/10
दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा - सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
HMS देखकर खरीदें
नकली माल से सावधान 94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है**-ऑफिस में चपरासी कार्य हेतू एक लड़के की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- नीरज शर्मा, समीर सिंह एंड एसोसिएट्स, ग्राउंड फ्लोर, प्रेम अपार्टमेंट, राजस्थान होटल के पीछे, मुंगेली नाका, बिलासपुर 9229841828 (41201)

**आवश्यकता है**-दुकान में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- अरोरा बेकरी, बृहस्पति बाजार के पास बिलासपुर 9827164721 (41203)

**आवश्यकता है**-अनुभवी सिविल कंस्ट्रक्शन साइड सुपरवाइजर की स्मार्ट रोड उस्लापुर पुल के पास की साइड में फिनिशिंग कार्य हेतु आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 7987581185, 78987 48446 (41204)

**आवश्यकता है**-क्लिनिक में काम करने के लिए लड़की की आवश्यकता है। सैलरी 4000 से 5000, पता- राजीव प्लाजा के पास, पुराना बस स्टैण्ड, बिलासपुर सम्पर्क करें- 7222956588 (41207)

**आवश्यकता है**-(1) डिलीवरी बॉय (2) कुक (3) किचन इंचार्ज (4) मैनेजर (पुरुष/ महिला) स्टाफ की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें-78695 86011, 9329233000 (41196)

**आवश्यकता है**-कार वॉशिंग गैराज में कार्य करने हेतु हेल्पर चाहिए। अनुभवी को प्राथमिकता। सैलरी अनुभव के अनुसार। सम्पर्क करें- माँ शारदा कार केयर, संजीवनी हॉस्पिटल के पास, स्मार्ट रोड बिलासपुर 78790 94455 (41180)

**आवश्यकता है**-टूव्हीलर एजेन्सी में सेल्स मैनेजर, सेल्समैन, सर्विस मैनेजर, सर्विस एडवाइजर, डिजीटल कॉलिंग एग्जीक्यूटिव की आवश्यकता है। सेलरी योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- चन्द्र टीवीएस महाराणा प्रताप चौक के पास, बिलासपुर 9039167202 (41185)

**आवश्यकता है**-होटल में कार्य करने हेतु प्रोफेशनल हाउस कीपिंग स्टॉफ की आवश्यकता है। सैलरी 10000 से 15000 सम्पर्क- होटल रॉयल रामा, पुराना बस स्टैण्ड के पास टेलीफोन एक्सचेंज रोड बिलासपुर 9327334481 (41157)

**आवश्यकता है**-न्यूमॉडर्न हाईस्कूल, अशोक नगर, सीपत रोड, चांटीडीह में वाणिज्य, संस्कृत, अंग्रेजी एवं अंग्रेजी माध्यम हेतु शिक्षक, शिक्षिकाएं चाहिए। योग्यता बीकॉम, एमकॉम एमए इंग्लिश वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 7974501459, 79878 08398 (41176)

**आवश्यकता है**-बिलासपुर में अपोलो हॉस्पिटल के पास स्थित लॉन्ड्री दुकान के लिए रिसेप्शनिष्ट (युवक/ युवती) की आवश्यकता है कम्प्यूटर पर एंट्री का ज्ञान होना आवश्यक है। सम्पर्क करें- 9167366183 (41208)

**आवश्यकता है**-सब्जी मण्डी में काम करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है (काम का समय सुबह 6बजे से) योग्यता 10वीं, 12वीं, सम्पर्क करें- 9617118009 (सम्पर्क समय शाम 5बजे से 7बजे तक) (41209)

**आवश्यकता है**-होलसेल एजेन्सी में काम करने के लिए अनुभवी सेल्समैन की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- छाबड़ा ट्रेडिंग कम्पनी मंगला चौक बिलासपुर 9039214975, 8103444994 (41195)

**आवश्यकता है**-घरेलू सभी कार्य हेतु बाई एवं नौकर की अतिशीघ्र आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार तुरन्त सम्पर्क करें- 7223890879 9301275222 (41161)

**आवश्यकता है**-जय भोले सुपर बाजार में सेल्समैन, सेल्सगर्ल, हेल्पर, पैकिंग स्टाफ स्टोर कीपर डिलीवरी बॉय चाहिए आकर्षक वेतन, बेहतर कार्य वातावरण अनुभवी/ फ्रेशर सम्पर्क करें- सिंधी कॉलोनी, कारगिल चौक, बिलासपुर 70007 62795 (41186)

**आवश्यकता है**-मरीजों, बुजुर्गों, बच्चों की देखभाल घर/ ऑफिस हेतु, आया, कुक, हाऊस कीपिंग, जापा एवं विशेष देखभाल हेतु उचित शुल्क में वर्कर प्राप्त करें- निखिलाश्रम, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, बहतराई बिलासपुर 7024477656 (41181)

**आवश्यकता है**-कोनी स्थित शिक्षण संस्थान में नाश्ता, समोसा, प्याजी बड़ा बनाने वाले अनुभवी कर्मचारियों की आवश्यकता है। रात्रि 9 बजे से प्रातः 8 बजे तक। कोनी/ सरकंडा क्षेत्र के निवासियों को प्राथमिकता वेतन- योग्यता एवं अनुभव के अनुसार सम्पर्क करें- 7748008770 (41155)

**आवश्यकता है**-बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर/ एग्जीक्यूटिव एवं सिविल इंजीनियर पदों हेतु अनुभवी उम्मीदवार आमंत्रित। रियल एस्टेट एवं निर्माण क्षेत्र का अनुभव वांछनीय आकर्षक वेतन, उन्नति के अवसर। कार्यस्थल-बिलासपुर सम्पर्क करें-95890 00680 (41172)

**आवश्यकता है**-हॉस्टल में पुरुष चौकीदार की एवं पुस्तक दुकान में काम करने के लिए सम्पर्क करें- देवांगन बुक स्टाल E-15 सिटी सेन्टर कॉम्प्लेक्स, मारुति कार शोरूम, शिव टॉकीज रोड, बिलासपुर 62622 27355 (41183)

**आवश्यकता है**- रिसेप्शनिस्ट (लड़की) एवं सुरक्षागार्ड की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- एक्समैन सिक्यूरिटी सर्विस वैशाली टावर हेमू नगर बिलासपुर 9827152819, 97547 13125 (41138)

**आवश्यकता है**-सलाह सर्विसेस ऑफिस में टेलिकॉलर, ऑफिस एग्जीक्यूटिव, फील्ड स्टाफ चाहिए। सैलरी- 7000 से 20000 तक सम्पर्क करें- राव ट्रेड सेन्टर काम्प्लेक्स, सत्यम चौक के पास, लिंक रोड, बिलासपुर 62690 20001, 6269020002 (41194)

**आवश्यकता है**-घरेलू सभी काम करने एवं खाना बनाने हेतु एक महिला और एक अनुभवी ड्राइवर (जो असिस्टेंट कार्य भी कर सकें) चाहिए वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 9977416604 (41188)

**आवश्यकता है**-सर्वमंगला एजेन्सी में अमूल प्रोडक्ट्स की मार्केटिंग हेतु सेल्समैन की आवश्यकता है। तत्काल सम्पर्क करें- महाराणा प्रताप चौक के पास बिलासपुर 9752394144, 98279 76705 (41179)

**आवश्यकता है**-ग्राम सेमरिया (कोटा) में फार्म हाउस में सब्जी की खेती हेतु शिक्षित केयर टेकर चाहिए वेतन योग्यता अनुसार जिसे ड्रिप सिस्टम, खाद एवं खेती की जानकारी हो सम्पर्क करें- 9977416604 (41189)

**आवश्यकता है**-अनुभवी OT टेक्नीशियन की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- प्रभा हॉस्पिटल, महामाया चौक, लोधीपारा, रतनपुर रोड, सरकंडा बिलासपुर 7470946314 (41164)

**आवश्यकता है**-प्रतिष्ठित साड़ी शॉप हेतु अनुभवी सेल्समैन-5 (लड़के), हेल्पर-4 (लड़के), हाउस कीपिंग-2 (महिला) की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- वसंत साड़ी सेंटर, सदर बाजार, बिलासपुर 9755498703 (41192)

**आवश्यकता है**-थोक दवाई दुकान में कार्य करने हेतु सेल्समैन, दुकान में माल निकालने, पैकिंग हेतु लड़के चाहिए बायोडाटा सहित सम्पर्क करें-जयदेव मेडिकल एजेन्सी, अयप्पा मन्दिर रोड, भारतीय नगर बिलासपुर 9993303951 (41168)

**आवश्यकता है**-नवनिर्मित बिलासपुर गौसेवा धाम में स्टाफ चाहिए (कार्य सफाई गौ माता को भोजन कराना) शादीशुदा को प्राथमिकता। आकर्षक सैलरी+ रुकने की उत्तम व्यवस्था (बिलासपुर के मध्य में) सम्पर्क करें- 9826187198 (41199)

**आवश्यकता है**-चाट गुपचुप दुकान में कर्मचारी चाहिए। समय- सुबह 12बजे से रात 10बजे। (जो काम नहीं जानता उसे भी दुकान में काम सिखाया जायेगा) सम्पर्क करें- राजीव गांधी चौक बिलासपुर 90988 59081 (41153)

**आवश्यकता है**-दुकान में काम करने हेतु लड़को आवश्यकता है वेतन योग्यता आनुसार सम्पर्क करें- ओम एजेन्सी बाल्मीकि चौक शनिचरी बाजार बिलासपुर (41148)

**आवश्यकता है**-कम्प्यूटर ऑपरेटर (female) की आवश्यकता है, अनुभवी, अंग्रेजी जानकार को प्राथमिकता। सम्पर्क करें- शाम 5 से 7बजे तक ओम डायग्नोस्टिक सेन्टर, रेडक्रॉस मेडिकल के सामने, सिम्स रोड, बिलासपुर 9229466628, 86020 00508 (41156)

**आवश्यकता है**-ओम रेफ्रिजरेशन में कम्प्यूटर कार्य हेतु कम्प्यूटर ऑपरेटर की शीघ्र आवश्यकता है। पता- तालापारा रोड भारतीय नगर चौक के पास बिलासपुर सम्पर्क करें- 9827469007 7999913098 (41166)

**आवश्यकता है**-घरेलु काम हेतु रायपुर में आवश्यकता है खाना बनाने वाली बाई दिन भर/ 24घंटे के लिये रहने खाने की सुविधा के साथ, काम वाली बाई/ लड़की 24घंटे कुरियर बॉय, सम्पर्क करें- 9329127874, 62621 15511 (088)

**आवश्यकता है- फोटो कॉपी दुकान में कार्य करने हेतु 4पद स्टाफ की आवश्यकता है जो फोटो कॉपी एवं ऑन लाइन कार्य कर सके,सम्पर्क करें- उत्तमा कापीयर्स कोरबा 9425226532 (20989)**

**आवश्यकता है**-दवाई दुकान में ड्राइवर की आवयश्कता है जो ऑटो मैटिक Desire और WagonR चला सके सम्पर्क करें- 9893285943 9229858916 (41146)

**आवश्यकता है**-आई-10, वैगनआर, बुलेरो कार चलाने हेतु अनुभवी नशामुक्त स्टाफ क्वार्टर में परिवार सहित रहकर कार्य हेतु ड्राईवर आवश्यकता है वेतन 12000 सम्पर्क करें- पुराने हाईकोर्ट के पास बिलासपुर 97525 83075, 8839728129 (41184)

**आवश्यकता है**-मेडिकल एजेंसी में पैकिंग, डिलीवरी, पेमेन्ट कलेक्शन और सेल्समेन हेतु पार्ट/फुल टाइम लड़कों की आवश्यकता है वेतन अनुभव अनुसार। सम्पर्क करें- सिटी केमिस्ट मेडिकल, काम्प्लेक्स बिलासपुर 7263990778, 9827193199 (41154)

**आवश्यकता है**-अनुभवी दो ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार, ड्राइविंग लाइसेन्स के साथ सम्पर्क करें- जुनेजा आई हॉस्पिटल तृतीय तल अपोलो सिटी सेन्टर के ऊपर CMD चौक बिलासपुर 73891 59805, 7389504106 (41130)

**आवश्यकता है**-टूव्हीलर शोरूम में एकाउटेंट, सेल्स मैनेजर, सेल्स आफिसर्स, सर्विस टेक्नीशन, पार्टस मैनेजर, वाशिंग बॉय की आवयश्कता है सम्पर्क करें- बिलासपुर 9669015575, 8878073373 (41135)

**आवश्यकता है**-होटल नटराज में कार्य हेतु अनुभवी हाउस कीपिंग स्टाफ की आवयश्कता है ड्यूटी टाइम 1बजे से 10बजे तक वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- अग्रसेन चौक लिंक रोड बिलासपुर 99778 61508 (41147)

**आवश्यकता है**-रायपुर चन्दखुरी पशु अस्पताल में 15 से 20 कर्मचारीयों के लिए नाश्ता और दो टाईम खाना बनाना हेतु कुक की आवश्यकता है। अच्छा वेतन रहने खाने की सुविधा है। सम्पर्क करें- 7225888800 (090)

**आवश्यकता है**-रायगढ़ एवं रायपुर की फैक्ट्रियों हेतु सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाइजर एवं फील्ड ऑफिसर की आवश्यकता है। वेतन- 15000 से 18000 प्रतिमाह, PF, ESIC रहने खाने की व्यवस्था उपलब्ध सम्पर्क करें- 9201958117, 8109080600 (855)

**आवश्यकता है**-भारत के सबसे बड़े राइड-बुकिंग प्लेटफॉर्म रैपिडो से जुड़ें। ऑटो या ई-रिक्शा चलाकर प्रतिदिन 500-1000 तक की गारंटीड कमाई करें बिना किसी कमीशन के। जुड़ने के लिए कॉल करें-89294 49955 (63586)

**आवश्यकता है**-जिला स्तरीय कम्पनी में भर्ती परमानेंट बेसेस पर पद- फॉरेस्ट गार्ड, क्लर्क, वन पाल, चपरासी, हेतु आवेदन करे 10वी, 12वी पास लड़के लड़कियां, उम्र सीमा 18 से 42 सैलरी26500 से 45500 आवेदन हेतु मार्क शीट, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो,व्हाट्सएप/ कॉल करे- 8400406891 (091)

**आवश्यकता है**-शीघ्र आवश्यकता जो बाहर रह कर कार्य कर सके इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु लड़के चाहिए। आयु 18 से 30वर्ष वेतन 12000+ कमीशन+ बोनस के साथ 20000 रहना फ्री+ गाड़ी किराया+ कोई शुल्क नहीं लगेगा सम्पर्क करें- 80855 33493 (367)

## बेचना

**बेचना है**-प्राइम लोकेशन में SK परिसर यदुनन्दन नगर तिफरा में पूर्ण विकसित सर्वसुविधायुक्त कॉलोनी में 2BHK मकान एवं विभिन्न साइजों में डायवर्टेड प्लॉट आकर्षक कीमत में बेचना है सम्पर्क करें- 9144444774 (41158)

**बेचना है**-बिलासपुर खमतराई अशोक नगर प्रत्यक्षा विहार कॉलोनी में डबल रोड से लगा डायवर्टेड प्लॉट 2200 वर्गफीट 66 फीट का फ्रन्ट शानदार लोकेशन में बेचना है सम्पर्क करें- भूस्वामी 95898 48485 9300482612 (41152)

**बेचना है**-मंगला, अमन विहार, चड्डा बाड़ी में नवनिर्मित रेडीटूमूव 3BHK G+1 मकान 3BHK डुप्लेक्स मकान, उत्कृष्ट लोकेशन, आधुनिक निर्माण तुरन्त रहने योग्य कीमत 52लाख से 60लाख सम्पर्क करें- शरद शुक्ला 88712 21106 (41205)

**बेचना है**-बुधिया काम्प्लेक्स सरकंडा मेन रोड फेसिंग 10×24 की एक साथ 3 दुकान (720 वर्ग फिट) स्टेट बैंक सरकंडा से लगी दुकान बेचना है। सम्पर्क करें- 93400 94419 (41187)

**बेचना है**-बिलासपुर सिरगिट्टी में गोविन्द नगर में 3225 वर्गफीट का पूर्व मुखी प्लाट और व्यापार विहार में एक कमर्शियल प्लॉट अतिशीघ्र बेचना है जरुरतमंद व्यक्ति सम्पर्क करें- 96300 83740, 9770676030 (41200)

**बेचना है**-शहर के मध्य अग्रसेन चौक साकेत अपार्टमेंट के प्रथम तल में 2BHK सर्वसुविधायुक्त लिफ्ट सुविधा वाला फ्लैट बेचना है। कीमत 28लाख, खरीददार सम्पर्क करें- 9822655987 (41202)

**बेचना है**-नीलकंठ रेस्टोरेंट के पास, प्रताप टॉकीज के सामने, 4 मंजिला काम्प्लेक्स 2 तरफ रोड युक्त (20000 वर्गफीट) प्रत्येक मंजिल (5000 वर्गफीट) बेचना है। सम्पर्क करें-9827112585 (41170)

**बेचना है**-सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक बिलासपुर में फ्रंट कॉर्नर 12×24 की दो दुकाने तत्काल बेचना है। केवल खरीददार ही सम्पर्क करें- 9827112585 (41169)

**बेचना है**-सीजी प्लाजा काम्प्लेक्स राम मार्केट के बाजू में ग्राउण्ड फ्लोर की (1) दुकान नं. G-9 (458 वर्गफुट (2) दुकान नं G-10 (462 वर्गफुट) फर्स्ट फ्लोर पर (3) दुकान नं F-8 (488 वर्गफुट) सेकेंड फ्लोर पर (4) दुकान नं S-8 (488 वर्गफुट) (5) दुकान नं S-9 (458 वर्गफुट) (6) दुकान नं S-11 (445 वर्गफुट) (7) दुकान नं S-12 (456 वर्गफुट) (8) दुकान नं S-13 (1170 वर्गफुट) (9) दुकान नं S-14 (640 वर्गफुट) थर्ड फ्लोर पर (10) दुकान नं T-5 (445 वर्गफुट) (11) दुकान नं T-6 (456 वर्गफुट) (12) दुकान नं T-7 (1170 वर्गफुट) (13) दुकान नं T-8 (640 वर्गफुट) सभी दुकानें एक साथ बेचना है। सम्पर्क करें- 7869822577 (41167)

**बेचना है**-अभिलाषा परिसर तिफरा में 1BHK का फ्लैट, सुभाष कॉम्प्लेक्स जरहाभाठा में 3BHK का फ्लैट और बंधवापारा सरकंडा में स्वतंत्र 2BHK का मकान बेचना है। सम्पर्ककरें-7999415807 (41182)

**बेचना है**-कार्मिशयल प्लॉट 2500 वर्गफुट मोपका मेन रोड, ग्लोरियस सिटी के पास बेचना है बिलासपुर (छ.ग.) सम्पर्क करें- 9827984512, 7000762663 (41175)

**बेचना है**-दुकान बेचना है मेन रोड शनिचरी बाजार, बेस्ट लोकेशन में 3 मंजिला दुकान बेचना है। साइज 12×21 कुल 252 वर्गफुट सम्पर्क करें- 8878911174 (41191)

**बेचना है**-भारतीय नगर स्थित शीला टॉवर के (तृतीय तल) में 2BHK फ्लैट बिक्री हेतु उपलब्ध है। इच्छुक खरीदार सम्पर्क करें- 98271 66585, 9039780514 (41163)

**बेचना है**-प्राइम लोकेशन मेन रोड सिलपहरी फ्लाई ओवर के पास 300×280 मौके का शानदार प्लाट बेचना है इच्छुक खरीददार ही सम्पर्क करें- 9098728633 (41206)

## किराया

**किराया**-बिलासपुर नेहरू नगर में सर्वसुविधायुक्त 2BHK फर्स्ट फ्लोर में किराए से देना है गाड़ी रखने के लिये पोर्च उपलब्ध है। शासकीय कर्मचारी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- 9827153281 (41177)

**किराया**-मंगला चौक सीएलसी प्लाजा G-24 रोड पर एवं मिनोचा कॉलोनी पैट्रोल पम्प के सामने शिव्या प्लाजा शॉप नं.-114 रोड पर मेडिकल सामान सहित किराये से देना है सम्पर्क- 7804814392, 79995 07957 (41178)

Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM

Medicare Specialists
छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

## फाइनेन्स

**फाइनेन्स**-बंधना फाइनेन्स द्वारा दुकानदार, होलसेल, कृषि लोन, ग्रुप लोन, बिजनेस लोन 2% ब्याज में। 25000 से 30लाख तक लोन वीकली या मंथली आसान किश्तों में। सम्पर्क करें-9770833099 (4560)

अब आप पायेंगे अपना एक सच्चा हमसफर
हरिभूमि वैवाहिकी (प्रति रविवार)

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश में आपका वैवाहिकी विज्ञापन प्रकाशित किया जायेगा।

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230

| | |
|---|---|
| शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- | मो. 9993567380, 8770837744 |
| एड प्रयास:- | मो. 9826701269, 9926003943 |
| श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- | मो. 9827168452, 9300625174 |
| रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- | मो. 9826129386, 8319503386 |
| जे.जे. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9300659628 |
| रौनक पब्लिसिटी:- | मो. 9300328290, 9981658490 |
| भार्गव एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827167997 |
| श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- | मो. 9826705603 |
| एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827180896, 9131155033 |
| श्री श्याम पब्लिसिटी:- | मो. 9425540759 |
| अमित पब्लिकेशन:- | मो. 9826304304, 9827124304 |
| विप्रा विज्ञापन सेवा:- | मो. 9302462506 |
| माधवास & कम्पनी:- | मो. 9977185123, 9893115084 |

# मैक्सिको नॉकआउट में जाने वाली पहली टीम

## साउथ कोरिया को हराया


मैक्सिको के फैंस ने खचाखच भरे स्टेडियम में टीम के सपोर्ट में लगाए नारे



एजेंसी ▶▶| गुआडालाजारा

लुइस रोमो ने दक्षिण कोरिया की रक्षात्मक चूक का फायदा उठाते हुए गोल दागा, जिससे सह मेजबान मैक्सिको 1-0 से जीत हासिल करके मौजूदा विश्व कप फुटबॉल के नॉकआउट चरण में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई। मैच जब गोलरहित बराबरी पर चल रहा था तब खेल के 58वें मिनट में दक्षिण कोरिया के गोलकीपर किम सेउंग-ग्यू और डिफेंडर ली गी-ह्युक के बीच टक्कर होने से गेंद पेनल्टी एरिया के अंदर छूट गई। रोमो के पास यह सुनहरा मौका था और उन्होंने गेंद को आसानी से खाली नेट में डालकर गोल कर दिया, जो बाद में निर्णायक साबित हुआ। यह उस टीम के लिए एक बड़ी जीत है, जो 2022 में ग्रुप चरण में जीत हासिल करने में नाकाम रही थी और अब उसने घरेलू मैदान पर उत्साहित दर्शकों के सामने दो बार जीत हासिल की है।

### दर्शकों ने खचाखच भरे स्टेडियम में जयकारे लगाए

मैक्सिको के खिलाड़ियों ने मैदान पर जश्न मनाया जबकि दर्शकों ने एस्टाडियो एक्रोन के खचाखच भरे स्टेडियम में जयकारे लगाए और गीत गाए। खिलाड़ियों ने प्रशंसकों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। दक्षिण कोरिया ने 87वें मिनट में लगभग बराबरी कर ली थी लेकिन मैक्सिको के गोलकीपर राउल रेंगल ने दो शानदार बचाव करके खतरे को टाल दिया था। उन्होंने पहले चो ग्वे-सुंग के करीब से किए गए हेडर को रोका और फिर रिबाउंड पर यांग ह्यून-जून के प्रयास को और भी बेहतर तरीके से नाकाम किया।

## मंजांबी ने लगाया वॉली शाट, दागा पहला गोल

**स्विट्जरलैंड ने बोस्निया हर्जेगोविना को हराया**



**इंगलवुड।** स्थानापन्न खिलाड़ी योहान मंजांबी के दो गोल की मदद से स्विट्जरलैंड ने विश्व कप फुटबॉल की ग्रुप बी के मैच में बोस्निया-हर्जेगोविना पर 4-1 से जीत शानदार जीत हासिल की। मंजांबी ने मैदान पर उतरने के तीन मिनट बाद ही मैच के 74वें मिनट में एक शानदार वॉली शॉट लगाकर विश्व कप में अपना पहला गोल किया। यह स्विट्जरलैंड का मैच में पहला गोल भी था। इसके बाद उसने गोल की झड़ी लगाकर ग्रुप बी में अपनी स्थिति मजबूत कर ली। बोस्निया के टैरिक मुहारेमोविच को खतरनाक टैकल के लिए लाल कार्ड दिखाए जाने के कारण उसकी टीम को 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा, जिसका स्विट्जरलैंड ने पूरा फायदा उठाया। रुबेन वर्गास ने इसके कुछ देर बाद 84वें मिनट में स्विस टीम के लिए दूसरा गोल किया। मंजांबी ने वर्गास के पास पर 90वें मिनट में फिर से गोल किया, जबकि कप्तान ग्रैनिट ज़ाका ने इंजरी टाइम के सातवें मिनट में पेनल्टी पर से गोल दागकर अपनी टीम की बड़ी जीत सुनिश्चित की। इस बीच एर्मिन महमिच ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में बोस्निया के लिए गोल किया।



## डेविड ने लगाई हैट्रिक कनाडा की पहली जीत

**कतर को 6-0 से दी करारी शिकस्त**

*__वैंकूवर।__ जोनाथन डेविड ने दर्शकों के अपार समर्थन के बीच हैट्रिक लगाई, जिससे कनाडा ने कतर को 6-0 से करारी शिकस्त देकर विश्व कप फुटबॉल के इतिहास में अपनी पहली जीत दर्ज की और नॉकआउट राउंड में अपनी जगह लगभग सुनिश्चित कर ली। कतर के दो खिलाड़ियों को लाल कार्ड मिले, जिससे उसकी टीम 9 खिलाड़ियों तक सिमट गई। कनाडा की टीम ने इसका पूरा फायदा उठाया। होमन अहमद को पहले हाफ (33वें मिनट) में ही ताजोन बुकानन पर फाउल करने के लिए मैदान से बाहर भेज दिया गया था। इसके बाद दूसरे हाफ की शुरुआत में ही असीम मदीबो (51वें मिनट) को इस्माइल कोने पर फाउल करने के कारण लाल कार्ड दिखाया गया। उन्होंने कोने के बाएं पैर के निचले हिस्से में चोट पहुंचाई थी जिससे कनाडा के खिलाड़ी को मैदान से बाहर ले जाया गया।*

## मोकोएना ने पेनल्टी को गोल में बदला

**द.अफ्रीका ने चेक गणराज्य के खिलाफ खेला ड्रॉ**



**अटलांटा।** तेबोहो मोकोएना ने आखिरी क्षणों में पेनल्टी को गोल में बदलकर न सिर्फ दक्षिण अफ्रीका को हार से बचाया बल्कि चेक गणराज्य के खिलाफ मैच 1-1 से ड्रॉ कराकर विश्व कप फुटबॉल के ग्रुप ए में उसे एक महत्वपूर्ण अंक भी दिलाया। मोकोएना ने मैच में आंखों में आंसू लिए खेल शुरू किया और चेहरे पर मुस्कान के साथ खेल समाप्त किया। मर्सिडीज-बेंज स्टेडियम में छठे मिनट में मिखाल सादिलेक ने चेक गणराज्य को बढ़त दिलाई। अलेक्जेंडर सोज्का ने सादिलेक को पास दिया और उन्होंने गोलकीपर रोनवेन विलियम्स को चकमा देते हुए गोल दाग दिया। चेक गणराज्य जब जीत की तरफ बढ़ रहा था तब थापेलो मासेको का लंबी दूरी का शॉट पेनल्टी एरिया में चेक प्रतिद्वंद्वी पावेल सुल्क के हाथ को स्पर्श कर गया। मैच से पहले राष्ट्रगान के दौरान आंसू बहाते हुए दिखाई देने वाले मोकोएना ने 83वें मिनट में पेनल्टी स्पॉट पर कदम रखा और चेक गणराज्य के गोलकीपर मातेज कोवर के पास निचले हिस्से में शॉट मारकर गोल कर दिया।

## खबर संक्षेप



### इनियन ने जीता ग्लोबल चेस फेस्टिवल का खिताब

**मुंबई।** ग्रैंडमास्टर इनियन पा ने अपनी शीर्ष रैंकिंग के अनुरुप प्रदर्शन करते हुए शुरू से लेकर अंत तक दबदबा बनाकर ग्लोबल चेस फेस्टिवल का खिताब जीत लिया। चौबीस साल के राष्ट्रीय चैंपियन इनियन ने अंतिम दौर में अजय संतोष पर्वतरेड्डी के साथ ड्रॉ खेलकर टूर्नामेंट में पदार्पण करते हुए खिताब जीता। उन्हें 8 लाख रुपए की इनामी राशि मिली। इनियन ने प्रतियोगिता में अजेय रहते हुए 7.5 अंक के साथ खिताब जीता। बोरिस सावचेंको ने अंतिम दौर में आकाश शरदचंद्र दाल्वी के साथ ड्रॉ खेलकर 6.5 अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। नितिन बाबू ने चैलेंजर बर्ग जबकि माधवेंद्र प्रताप शर्मा ने जूनियर मास्टर्स वर्ग का खिताब जीता।

### 'स्पार्क' ने किया ईस्पोर्ट्स विश्व कप के लिए क्वालीफाई



**मुंबई।** भारत के ट्रैकमेनिया खिलाड़ी कुणाल उप्रेती (स्पार्क के नाम से मशहूर) ने एशिया और ओसनिया क्वालीफायर के जरिए जगह बनाकर ईस्पोर्ट्स विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया, जिससे वह इस रेसिंग खिताब में देश के अकेले प्रतिनिधि हैं। ईस्पोर्ट्स वर्ल्ड कप 2026 का आयोजन 19 से 22 अगस्त तक होगा, जिसमें दुनिया के 32 शीर्ष खिलाड़ी 500,000 अमेरिकी डॉलर (4.7 करोड़ रुपए) की कुल पुरस्कार राशि के लिए मुकाबला करेंगे। स्पार्क भारतीय ईस्पोर्ट्स संस्थान एस8यूएल के उन तीन ट्रैकमेनिया खिलाड़ियों में से एक हैं, जिन्होंने टूर्नामेंट के पहले चरण के लिए जगह बनाई है।

**आज दोपहर 1.30 बजे से अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरा वनडे**

# 'सुपर सैटरडे': क्लीन स्वीप पर भारत की नजर

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

पहले दो मैच में धमाकेदार जीत से उत्साहित भारतीय टीम अफगानिस्तान के खिलाफ शनिवार को होने वाले तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में क्लीन स्वीप करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी, जिसमें केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल के प्रदर्शन पर नजर रहेगी। राहुल की वनडे टीम में जगह को लेकर कभी कोई संदेह नहीं रहा है, लेकिन जायसवाल शीर्ष क्रम में कड़ी प्रतिस्पर्धा को देखते हुए अपनी जगह पक्की करने के लिए बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। जायसवाल ने 2025 के बाद वनडे टीम में वापसी की है लेकिन वह लखनऊ में अफगानिस्तान के खिलाफ दूसरे मैच में केवल चार रन ही बना पाए। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने इससे पहले, जो आखिरी वनडे खेला था उसने उन्होंने विशाखापत्तनम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नाबाद 116 रन बनाए थे, लेकिन उसके बाद स्थिति काफी बदल गई है और अब ईशान किशन की वापसी ने शीर्ष क्रम में एक और दावेदार को जोड़ दिया है।



### राहुल का 5वें नंबर पर प्रदर्शन अच्छा

राहुल का मामला बिल्कुल अलग है। लंबे अंतराल के बाद भारतीय टीम में अय्यर की वापसी का मतलब है कि 34 वर्षीय राहुल को अब अधिकतर मौकों पर छठे नंबर पर बल्लेबाजी करनी होगी। राहुल लंबे समय तक पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी कर रहे थे और उन्होंने इस पोजीशन पर अच्छा प्रदर्शन भी किया है। उन्होंने पांचवें नंबर पर खेलते हुए 38 मैचों में 63.2 के औसत से 1517 रन बनाए हैं, जिसमें तीन शतक और 10 अर्धशतक शामिल हैं। इसके विपरीत छठे नंबर पर उन्होंने 15 मैचों में 41.5 की औसत से 332 रन बनाए हैं, जिसमें एक अर्धशतक शामिल है।

### राणा खेलेंगे तीसरा वनडे

तेज गेंदबाज हर्षित राणा को घुटने की चोट से उबरने के बाद अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले तीसरे और अंतिम वनडे के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। बीसीसीआई ने यह घोषणा की। राणा टी20 विश्व कप से पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अभ्यास मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। उनके दाहिने घुटने के नीचे की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था और जिसके बाद फरवरी में उनकी सर्जरी हुई थी। वह इस कारण टी20 विश्व कप और इंडियन प्रीमियर लीग में नहीं खेल पाए थे। राणा शनिवार को होने वाले श्रृंखला के अंतिम मैच से पहले टीम के साथ जुड़ गए हैं।

# श्रेयांका विश्व कप से बाहर, प्रेमा को मौका

एजेंसी ▶▶| लीड्स

ऑफ स्पिनर श्रेयांका पाटिल टखने की चोट के कारण महिला टी20 विश्व कप से बाहर हो गई हैं और उनकी जगह लेग स्पिनर प्रेमा रावत को टीम में शामिल किया गया है, जिन्होंने अभी तक एक भी अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है।

23 वर्षीय पाटिल बुधवार को नीदरलैंड के खिलाफ भारत की 95 रन की जीत के दौरान चोटिल हो गई थीं। यह घटना पावरप्ले के आखिरी ओवर में हुई जब



पाटिल को गेंद को रोकने की कोशिश में चोट लग गई। इससे उनके टखने में मोच आ गई।


### रावत पहली बार सीनियर राष्ट्रीय टीम में शामिल

24 वर्षीय रावत को पहली बार सीनियर राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है। वह महिला प्रीमियर लीग के दो सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए छह मैच खेल चुकी हैं। रावत उस भारत ए टीम का हिस्सा थी, जिसे इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार को नॉर्थम्प्टन में पहले टी20 मैच के साथ शुरू होने वाली छह मैचों की श्रृंखला खेलनी है। उन्होंने राइजिंग स्टार्स महिला एशिया कप में भी शानदार प्रदर्शन किया था, जहां उन्होंने 4.27 की इकॉनमी रेट से आठ विकेट लिए थे और भारत ए ने खिताब जीता था।

### वेस्टइंडीज का विजय अभियान जारी स्कॉटलैंड को हराया

**लीड्स।** वेस्टइंडीज ने स्कॉटलैंड को 7 रन से हराकर आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में अपना विजय अभियान जारी रखा।

स्कॉटलैंड को जीत के लिए 154 रन की दरकार थी और टीम ने 18 ओवर में 5 विकेट पर 132 रन बना लिए थे। तेज गेदबाज आलिया एलीन ने इसके बाद मैच का रुख वेस्टइंडीज की ओर मोड़ दिया। उन्होंने 19वें ओवर में डार्सी कार्टर (59) सहित 3 विकेट चटकाए। स्कॉटलैंड को अंतिम ओवर में 17 रन की जरूरत थी लेकिन टीम अंतिम गेंद पर 146 रन पर सिमट गई। ग्रुप दो में अब तक वेस्टइंडीज और इंग्लैंड ने ही अपने दोनों मैच जीते हैं। ग्रुप से शीर्ष दो टीम सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी।




**मकाऊ ओपनः क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई अनमोल**

# सेमीफाइनल में अश्मिता, किम को 37 मिनट में हराया

एजेंसी ▶▶| मकाऊ

भारतीय शटलर अश्मिता चालिहा ने चोट से उबरने के बाद अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए कोरिया की किम मिन सन को सीधे गेम में हराकर मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

असम की 26 वर्षीय खिलाड़ी अश्मिता ने विश्व की 99वें नंबर की खिलाड़ी किम को 37 मिनट में 21-16, 21-18 से हराया। चोटिल होने के कारण वह तीन महीने तक खेल से बाहर रही थी और उन्होंने मई में वापसी की थी। वहीं अनमोल खरब क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई।

### अश्मिता का अगला मुकाबला यून से

इस साल बीडब्ल्यूएफ टूर प्रतियोगिता में यह अश्मिता का पहला सेमीफाइनल होगा। वापसी के बाद से उन्होंने चाइना मास्टर्स सुपर 100 और मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 प्रतियोगिताओं में क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय किया था। विश्व की 63वें नंबर की खिलाड़ी अश्मिता फाइनल में जगह बनाने के लिए कोरिया की पार्क गा यून का सामना करेंगी।



### फायदा उठाने में नाकाम अनमोल

विश्व रैंकिंग में 51वें स्थान पर काबिज अनमोल अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहीं और एक घंटे तक चले मुकाबले में विश्व रैंकिंग में 36वें स्थान की खिलाड़ी और यहां चौथी वरीयता प्राप्त हान कियान शी से 21-14 15-21 13-21 से हार गईं।

**झील पर निर्भरता और बदलती जीवनशैली :** तुर्काना झील, जिसे 'जेड सी' भी कहा जाता है, इस जनजाति की जीवनरेखा है। प्राचीन समय से ही ये लोग इस झील के जलीय जीवों पर निर्भर रहे हैं। हालांकि, बदलते समय और वन्यजीव संरक्षण कानूनों के कारण इनकी लाइफस्टाइल में बदलाव आया है। केन्याई सरकार ने वन्यजीवों की घटती संख्या को देखते हुए मगरमच्छ और दरियाई घोड़े के शिकार पर कड़ा प्रतिबंध लगा दिया है।

# हाईकोर्ट ने सिप्ला फार्मास्युटिकल कंपनी को ब्लैकलिस्ट करने के आदेश को रद्द किया, जमा राशि लौटाने का निर्देश

**बिलासपुर।** चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा एवं जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डीबी ने जानी-मानी फार्मास्युटिकल कंपनी सिप्ला को कोविड 19 महामारी के दौरान मांग के अनुसार रेमडेसिविर दवा की अपूर्ति नहीं करने पर कलिस्ट करने तथा प्रतिभूति राशि राजसात किए जाने के आदेश को रद्द करते हुए जमा राशि लौटाने का आदेश दिया है। कोर्ट ने आदेश में कहा कि जहां कॉन्ट्रैक्ट का काम न करना खास हालात की वजह से होता है, वहां फ्रॉड या गलत काम न होने पर भी ब्लैकलिस्टिंग और सिक्योरिटी डिपॉज़िट ज़ब्त करना गलत और टिकाऊ नहीं है।



कोविड-19 महामारी में रेमडेसिविर इंजेक्शन सप्लाई नहीं करने पर की गई थी कार्रवाई

कोविड 19 की दूसरी लहर के दौरान मौजूद असाधारण हालात में छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने 100 एमजी स्ट्रेंथ वाले रेमडेसिविर इंजेक्शन की सप्लाई के लिए 26 मार्च 2021 को ई टेंडर जारी किया। सिप्ला फार्मास्युटिकल को इसके लिए सप्लाई आर्डर जारी किया गया। इसमें पहले खेप में कंपनी ने मांग के अनुसार रेमडेसिविर की 5,000 वायल की सप्लाई की। इसके बाद याचिकाकर्ता को 61,000 वायल की कुल सप्लाई करनी थी, जिसमें एक ही दिन में ऑर्डर की गई 50,000 वायल शामिल थीं। डिमांड अचानक और इतनी ज़्यादा बढ़ोतरी टेंडर में बताई गई मात्रा से कहीं ज़्यादा थी और इसे तय समय में पूरा करना नामुमकिन था।

खासकर मौजूदा हालात में कोविड 19 महामारी की दूसरी लहर के पीक के दौरान हुईं, जब पूरे देश में रेमडेसिविर की बहुत ज़्यादा माँग थी। इस दौरान, दवा बनाने वाली कंपनियां कच्चे माल की भारी कमी, सप्लाई चेन में रुकावट, ट्रांसपोर्टेशन में मुश्किलें, लॉकडाउन और कोविड इन्फ़ेक्शन की वजह से वर्कफोस की कमी और दूसरी ऑपरेशनल दिक्कतों का सामना कर रही थीं।

## कई राज्यों में भी आपूर्ति की जिम्मेदारी थी

पिटीशनर पर भारत सरकार के अलग-अलग राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में रेमडेसिविर के डिस्ट्रीब्यूशन के बारे में जारी किए गए एलोकेशन डायरेक्टिव का पालन करने की भी ज़िम्मेदारी थी। एकाएक मांग बढ़ने पर सप्लाई नहीं कर पाने के संबंध में कंपनी ने स्वास्थ्य विभाग को जानकारी भी दी। इसके बावजूद शासन ने कंपनी को मांग की अपूर्ति नहीं करने पर ब्लैकलिस्ट करने के साथ जमा प्रतिभूति राशि को भी राजसात किया। इसके खिलाफ कंपनी ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। हाईकोर्ट ने सुनवाई उपरांत ब्लैकलिस्ट करने के आदेश को रद्द करते हुए जमा राशि लौटाने का आदेश दिया है।

खगोलीय

अपनी परछाई तक नहीं दिखती

# 21 जून को क्यों होता है साल का सबसे बड़ा दिन

> इस हफ्ते रविवार, 21 जून को साल का सबसे बड़ा दिन होगा। इस दिन उत्तरी गोलार्ध में समर सॉलस्टिस (ग्रीष्म संक्रांति) मनाई जाएगी, जो खगोलीय रूप से गर्मियों की शुरुआत का प्रतीक है। आमतौर पर इसे पूरे दिन की घटना माना जाता है, लेकिन असल में यह एक खास पल होता है, जब गोलार्ध सूरज की ओर सबसे ज्यादा झुकता है।



**कोलंबो।** इस साल वह सटीक समय 21 जून को 09:24 BST (ब्रिटिश समर टाइम) है। उत्तरी गोलार्ध में 21 जून को सबसे बड़ा दिन होता है। इसके उलट दक्षिणी गोलार्ध में इस दिन साल की सबसे लंबी रात और सबसे छोटा दिन होता है।

उत्तरी गोलार्ध में रहने वालों के लिए इसे आमतौर पर गर्मियों के बीच का दिन माना जाता है। इसमें दिन की रोशनी सबसे ज्यादा और अंधेरा सबसे कम समय के लिए होता है। 21 जून को दोपहर के समय सूरज जब सिर के एकदम ऊपर आएगा तो कुछ पलों के लिए परछाई देखना संभव नहीं होगा। इसलिए इसे जीरो शैडो डे कहते हैं।


## सॉलस्टिस हमेशा 21 जून को होता है?

सॉलस्टिस आमतौर पर 21 जून को होता है, लेकिन हमेशा 21 जून को नहीं होता है। यह साल के हिसाब से 20 से 22 जून के बीच कभी भी हो सकता है। लीप ईयर (अधिवर्ष) में यह आम तौर पर 20 जून को पड़ता है। यह बदलाव इसलिए होता है, क्योंकि पृथ्वी को सूरज का चक्कर लगाने में पूरे कैलेंडर वर्ष की तुलना में छह घंटे ज्यादा समय लगता है। सूरज की रोशनी में बदलाव होता है, क्योंकि हमारा ग्रह बिल्कुल सीधी धुरी पर नहीं घूमता बल्कि यह झुका हुआ है। इस झुकाव के कारण सूरज का चक्कर लगाते समय पृथ्वी के अलग-अलग हिस्सों तक पहुंचने वाली सूरज की रोशनी की मात्रा पूरे साल बदलती रहती है। साल के आधे समय तक पृथ्वी का उत्तरी हिस्सा सूरज की ओर झुका रहता है।

## एक जैसी रहती सूरज की रोशनी

समर सॉलस्टिस के दिन उत्तरी गोलार्ध सूरज की ओर सबसे ज्यादा झुका होता है और सूरज ट्रॉपिक ऑफ कैंसर (कर्क रेखा) के ठीक ऊपर दिखाई देता है। अगर यह झुकाव ना होता तो हम मौसम का अनुभव तो करते, लेकिन अलग-अलग ऋतुएं नहीं देख पाते। ऐसा होता, क्योंकि फिर पूरे साल दिन की रोशनी तकरीबन एक जैसी रहती। सॉलस्टिस शब्द लैटिन शब्दों सोल (सूरज) और सिस्टेरे (स्थिर होना) से आया है। यह आसमान में सूरज की चाल में दिखने वाले ठहराव को दिखाता है। साल का सबसे लंबा दिन होने के बावजूद समर सॉलस्टिस के दिन सूरज सबसे देर से अस्त नहीं होता और ना ही सबसे जल्दी उगता है। सूरज सबसे जल्दी समर सॉलस्टिस से पहले उगता है और देर में उसके बाद अस्त होता है।







## खगोलीय और मौसम-संबंधी गर्मियों में अंतर

सोलस्टिस खगोलीय रूप से गर्मी की शुरुआत है, लेकिन मौसम विज्ञान के नजरिए से गर्मी कई हफ्ते पहले शुरू हो जाती है। मौसम वैज्ञानिक उत्तरी गोलार्ध में गर्मी की शुरुआत 1 जून और अंत 31 अगस्त को मानते हैं। ऐसा इसलिए है, क्योंकि मौसम से जुड़े आंकड़ों की तुलना करना आसान बनाने के लिए सभी चार मौसमों को तीन-तीन महीने की अवधियों में बांटा गया है।

# पेड़ से तोड़ना ही नहीं, गिरा हुआ आम उठाना भी माना जाता है चोरी

### 4.7 लाख रुपए का लग सकता है जुर्माना

**सिंगापुर।** भारत में पड़ोसी के पेड़ से आम चुराना या सड़क किनारे गिरे आम को उठा लेना आम बात है, लेकिन सिंगापुर में ऐसा करने की सोच भी महंगी पड़ सकती है। सिंगापुर के पार्कों और वृक्षों से सम्बंधित मुख्य कानून के तहत सार्वजनिक पार्कों, सड़कों या सरकारी जमीन पर लगे पेड़ों के फल तोड़ना या गिरे हुए फल उठाना पूरी तरह अवैध है। बिना अनुमति के ऐसा करने पर 5000 सिंगापुर डॉलर (लगभग 4.7 लाख) तक का जुर्माना लग सकता है।



**वाकई में लग चुका है जुर्माना :** कई मामलों में लोग इस कानून की वजह से फंस चुके हैं। गिरे हुए फल उठाने पर भी पुलिस कार्रवाई कर चुकी है। सिंगापुर सरकार का कहना है कि फल बर्बाद होने दें, लेकिन बिना अनुमति के ना छुएं। अगर कोई फल तोड़ना चाहता है तो पहले अनुमति लेनी पड़ती है, जो आमतौर पर आसान नहीं होती।

## भारत / सिंगापुर

भारत में आम के मौसम में लोग पेड़ों के नीचे इंतजार करते हैं कि आम गिरे तो उठा लें। पब्लिक प्लेस पर लगे पेड़ों के फल पर होड़ लग जाती है। लेकिन, सिंगापुर में सभी सरकारी जमीन पर लगे पेड़ और उनके फल सरकार की संपत्ति माने जाते हैं। वहां अनुशासन और पर्यावरण संरक्षण को बहुत महत्व दिया जाता है। यह कानून पेड़ों को नुकसान पहुंचने से बचाने, बीमारियां फैलने से रोकने और फलों को उचित तरीके से प्रबंधित करने के लिए बनाया गया है। लोग बिना सोचे-समझे पेड़ों पर चढ़कर या शाखाएं तोड़कर फल नहीं तोड़ पाएं, इसके लिए सख्त नियम हैं।

## क्यों है इतना सख्त कानून?

सिंगापुर गार्डन सिटी के नाम से जाना जाता है। यहां हरियाली और पेड़ों को बचाना प्राथमिकता है। रैंडम फॉरेजिंग (जंगली फल-फूल इकट्ठा करना) को हतोत्साहित किया जाता है, क्योंकि इससे पेड़ क्षतिग्रस्त हो सकते हैं, कीट-पतंगे फैल सकते हैं और सार्वजनिक संपत्ति का दुरुपयोग हो सकता है। सिंगापुर में रहने वाले या घूमने जाने वाले भारतीय पर्यटक अक्सर इस बात से हैरान रह जाते हैं।



















हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com